www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 25 ||अम्बेडकरनगर
गुरूवार
16 अप्रैल 2026 ||पृष्ठः 08 ||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:43
सूर्यास्तः 06:30
अधिकतमः 39°00
न्यूनतमः 25°00



पेज 07

विशेष समाचार | बिहार में विकास सम्बन्धी... >>पेज 04 | 'कटमुल्ला' कहने वाले ... >>पेज 06 | रामायण के बाद रणबीर करेंगे...

# 50 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख

## 30 सिलेंडर फटे, युवक बोला- मेरे 4 बच्चे जिंदा जल गए, डिप्टी सीएम मौके पर पहुंचे

**झुग्गी-झोपड़ी में लगी आग से 200 परिवारों की गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। एक झुग्गी-झोपड़ी में अधजले आलू और प्याज नजर आए।**

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में बुधवार शाम साढ़े 5 बजे भीषण आग लग गई। विकासनगर इलाके में लगी इस आग से 30 से ज्यादा सिलेंडर फट गए। 50 से ज्यादा झुग्गी-झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। करीब 10 किलोमीटर दूर तक आग की लपटें देखी गईं। आग लगने के बाद आसपास के करीब 20 मकानों को खाली करा लिया गया।

अभी भी फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। इलाके की लाइट काट दी गई है। एक युवक का कहना है कि उसके 4 बच्चों की जलकर मौत हो गई है। वहीं, बाकी लोगों का सारा सामान जलकर राख हो गया। चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। जिनकी झोपड़ियां जली हैं, वो लोग रो रहे हैं।

सीएम योगी ने आग की घटना का संज्ञान लेते हुए अफसरों को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। कहा कि राहत कार्य में तेजी लाई जाए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से तेजी से बचाव कार्य करने के आदेश दिए। वहीं, लखनऊ पूर्व विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव भी पहुंचे हैं। आग लगने के बाद लोगों ने झोपड़ियों में रखे सिलेंडर नालियों में फेंक दिए। जिससे वो फटने न पाएं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### डीजी फायर बोले- बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर मिले

डीजी फायर सुजीत पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही BKT (बीकेटी), इंदिरा नगर में फायर ब्रिगेड की जितनी गाड़ियां हमारी थीं, उनको तुरंत पंप इन किया गया था। 20 से अधिक गाड़ियों ने यहां पर काम किया है। आग को अगल-बगल फैलने से भी रोक दिया गया है। अभी हमारे पास किसी भी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। इंपॉर्टेंट पार्ट यह है कि सिलेंडर्स बहुत रिकवर हुए हैं।

### 3 घंटे से लगा जाम

आग लगने से रोड पूरी तरह से जाम हो गया है। मुंशी पुलिया से लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा और फ्लाईओवर पर लोग घंटों से जाम में फंसे हैं। दरअसल, झुग्गी-झोपड़ी में आग लगने के बाद अचानक बढ़ी फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की आवाजाही बढ़ गई। इससे मेन रोड पर जाम लग गया।



■ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और घायलों का तुरंत इलाज कराने के निर्देश दिए।

### अखिलेश यादव बोले- पीड़ितों को तुरंत इलाज मिले




पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आग के पीड़ितों के लिए सरकार तत्काल भोजन-पानी की व्यवस्था कराए। घायलों को तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जाए, साथ ही उनके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। गरीबों के पक्ष को सुनकर इस बड़े अग्निकांड की हर पहलू से गहरी जांच हो। जो लोग नहीं मिल रहे हैं, उनके बारे में हर आशंका को दूर किया जाए।

### ■ युवक बोला- मेरे 4 बच्चे जलकर मर गए


**एक पीड़ित रहमान अपनी झोपड़ी में आग लगने के बाद भाग गया। बाद में पुलिस उसको पकड़ कर वापस लाई। रहमान ने रोते हुए कहा कि मेरे बच्चे 4 बच्चे जल गए हैं। मेरी मां है, पिता नहीं है। मेरे बच्चे घर में खेल रहे थे। मैंने देखा आग लग गई है। मैं जैसे वहां पहुंचा, तो देखा मेरे बच्चे जल चुके थे। मेरे 4 बच्चे जलकर मर गए।**





### रक्षामंत्री ने की डीएम से बात

विकासनगर झुग्गी-झोपड़ी में लगी भीषण आग की घटना पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जिलाधिकारी से बात की। उन्हें राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि विकासनगर स्थित आग की घटना पर रक्षामंत्री ने गंभीर चिंता व्यक्त की। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। घायलों का सही उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल मदद की जाए।



### ‘बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर मिले’

डीजी फायर सुजीत पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही BKT (बीकेटी), इंदिरा नगर में फायर ब्रिगेड की जितनी गाड़ियां हमारी थीं, उनको तुरंत पंप इन किया गया था। 20 से अधिक गाड़ियों ने यहां पर काम किया है। आग को अगल-बगल फैलने से भी रोक दिया गया है। अभी हमारे पास किसी भी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। इंपॉर्टेंट पार्ट यह है कि सिलेंडर्स बहुत रिकवर हुए हैं।

### ब्रजेश पाठक बोले- सरकार पीड़ित परिवारों के साथ

विकास नगर इलाके में लगी आग का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। पीड़ित परिवारों के साथ सरकार खड़ी है। डिप्टी सीएम ने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को बुलाया एवं घटना में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने घटनास्थल पर ही जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, एनडीआरएफ एवं अन्य अधिकारियों के साथ इस घटना में बचाव कार्यों को लेकर बात की।

# मेलोनी जंग में साथ नहीं शांति की बात बेकार : ट्रम्प

## ट्रम्प ने जॉर्जिया मेलोनी पर नाराजगी जताई

**तनाव**

तमसा संकेत, एजेंसी



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मेलोनी ने ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं दिया और हिम्मत नहीं दिखाई। ऐसे में शांति की बात करना बेकार है। इटालियन अखबार को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा, “मैं हैरान हूं। मैंने सोचा था उनमें हिम्मत है, लेकिन मैं गलत था।” उन्होंने आरोप लगाया कि मेलोनी का रुख ईरान के मुद्दे पर कमजोर रहा है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अगर ईरान को परमाणु

**■ ईरान को परमाणु हथियार मिले तो 2 मिनट में इटली को उड़ा देगा : ट्रम्प**

हथियार मिल जाता है, तो वह इटली को 2 मिनट में तबाह कर सकता है। उनके मुताबिक, इस खतरे को समझे बिना शांति की बात करना सही नहीं है। ट्रम्प ने अमेरिका-इटली संबंधों पर भी चिंता जताई। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

# विपक्ष महिला आरक्षण के साथ परिसीमन के खिलाफ

## बिल पर आज चर्चा, सरकार तीन बिल लाने वाली है

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली । लोकसभा में सीटें बढ़ाने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव का विपक्ष विरोध करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग के बाद यह बात कही। मीटिंग खड़गे के घर पर हुई, जिसमें राहुल गांधी और टीएमसी, आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद गुट) और AAP नेता भी शामिल हुए।

खड़गे ने कहा कि हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है ताकि विपक्ष को

**■ खड़गे ने कहा- लोकसभा की सीटें बढ़ाने के खिलाफ वोट करेंगे**

दबाया जा सके। इसलिए हमने परिसीमन बिल के विरोध का निर्णय लिया है। पूरा विपक्ष बिल के खिलाफ वोट करेगा।

सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में तीन बिल लाने वाली है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### पंजाब- राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल पर ईडी रेड

जालंधर। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के 9 ठिकानों पर एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) ने रेड की। ED ने अभी तक जांच के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन ED सूत्रों के मुताबिक यह मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला है।

सुनवाई | दर्शन

### सबरीमाला मैनेजमेंट बोला- अयप्पा मंदिर रेस्टोरेंट नहीं

नई दिल्ली। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चौथे दिन सुनवाई हुई। मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कहा कि यह खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यह आजन्म ब्रह्मचारी माने जाने वाले देवता का मंदिर है। TDB का पक्ष रखते हुए एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- 10 से 50 साल के उम्र की महिलाएं देवता के स्वरूप और पहचान के विपरीत हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है।

### गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे सीएम सम्राट चौधरी

पटना। सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी CM बनाया गया है।

# हिम्मत है तो मेरी गाड़ी रोज चेक करें : ममता

## पीएम, गृहमंत्री की गाड़ी भी चेक करके दिखाएं

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बीच TMC ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि उसके नेताओं को निशाना बनाकर उनकी गाड़ियों की जांच कराई जा रही है। सीएम ममता बनर्जी ने भी दावा किया कि बुधवार को कोलकाता एयरपोर्ट जाते समय केंद्रीय बलों ने उनकी गाड़ी की जांच करने की कोशिश की। उन्होंने कहा—अगर हिम्मत है तो रोज मेरी गाड़ी चेक करें। इस्लामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सवाल किया कि प्रधानमंत्री-गृहमंत्री की कार की जांच क्यों नहीं होती? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि



**■ गाड़ियां चेक करने के मामले पर ममता ने चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र**

सेंट्रल मिनिस्टर पैसा लेकर आते हैं।

भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में मातृशक्ति भरोसा कार्ड लॉन्च किया। सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को हर महीने 3,000 देने का वादा किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## सीएम योगी ने सेंटर आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया, पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला केंद्र

# ‘टाटा केवल एक नाम नहीं यह एक विश्वास’



**निरीक्षण**

**■ उत्तर प्रदेश अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश**

**■ टाटा केवल एक नाम नहीं यह एक विश्वास - सीएम योगी**




तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में CM योगी ने आज पूर्वांचल के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर का निरीक्षण भी किया। उनके साथ टीसीएस एवं टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के साथ सांसद रवि किशन भी रहे। इस दौरान सीएम योगी ने कहा- टाटा मोटर्स की स्थापना 1992 में लखनऊ में स्थापित हुआ और 10 लाख वाहन सड़कों पर उतारकर लाखों लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बने।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एआई आज के समय की जरूरत- सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा- एआई आज के समय की जरूरत है। हम सबको इसमें खुद को पीछे नहीं करना है। यहां सबके लिए अलग-अलग कोर्स तैयार किया जाए। फोरेंसिक के क्षेत्र में काफी काम किया है। नए कानून में 7 वर्ष से अधिक सजा के लिए फोरेंसिंग एविडेंस उपलब्ध कराना है। इसके लिए लोग भी होने चाहिए। यूपी के हर जिले में फोरेंसिक जांच के लिए टेक्नीकल हैंड उपलब्ध कराया जा रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**सीएम योगी ने कहा- टाटा मोटर्स की स्थापना 1992 में लखनऊ में स्थापित हुआ और 10 लाख वाहन सड़कों पर उतारकर लाखों लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बने। टाटा केवल एक नाम नहीं यह एक विश्वास है, एक गुणवत्ता है।**

## कार्रवाई : पुलिस ने प्रतिमा क्षति की खबर को बताया भ्रामक, मौके पर भारी फोर्स तैनात

# टांडा में होर्डिंग विवाद और डीजे जब्ती के बाद अफवाह से तनाव

**■ शोभायात्रा और जयंती कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न**

**■ पुलिस की अपील, अफवाह से बचें**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । टांडा क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम के दौरान होर्डिंग क्षतिग्रस्त होने की अफवाह फैलने से बुधवार सुबह तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटनास्थल पर किसी प्रतिमा को नुकसान नहीं पहुंचा, बल्कि झांकी में इस्तेमाल किए गए कटआउट एक




ट्राली पर रखे थे। क्षेत्राधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की बात गलत है। उन्होंने कहा कि केवल होर्डिंग और कटआउट से जुड़ी बात को गलत तरीके से फैलाया गया। इससे पहले नगर में डॉ. आंबेडकर जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोषित समाज परिषद की अगुवाई में सुबह माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शाम को परंपरागत मार्गों पर झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो देर रात समाप्त हुई।

**● बुधवार सुबह जैसे ही अफवाह फैली, बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। कुछ लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।**

**● पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया और किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका।**

### सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

पूरे आयोजन के दौरान पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ कई थानों की फोर्स तैनात रही। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



### डीजे जब्ती के बाद बढ़ा विवाद

मामले की शुरुआत मंगलवार-बुधवार की रात करीब 2 बजे कशमिरिया क्षेत्र के पास पुलिस कार्रवाई से हुई। ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन कर रहे एक डीजे को पुलिस ने जब्त कर लिया और थाने ले गई।

इसी कार्रवाई के बाद कुछ लोगों में नाराजगी देखी गई। आरोप है कि इसी नाराजगी के चलते प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की अफवाह फैलाई गई।

शोभायात्रा के दौरान युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। डीजे की धुन पर लोग शामिल हुए, जबकि कुछ स्थानों पर तेज आवाज को लेकर असुविधा भी देखी गई। >> (शेष पेज 06 पर)

# पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी

## आप का दावा- केंद्र से जेड प्लस सिक्योरिटी मिलेगी

**विवाद**

तमसा संकेत, एजेंसी



लुधियाना । आम आदमी पार्टी और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की CM भगवंत मान की अगुआई वाली AAP सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया (X) पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे

**■ राघव चड्ढा 2012-13 में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से जुड़े। वे आप के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।**

दी है। केंद्र सरकार आखिर राघव चड्ढा पर इतनी मेहरबान क्यों है? हालांकि, चड्ढा के करीबी सोर्सेज के मुताबिक अभी उन्हें केंद्र से सुरक्षा नहीं मिली है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## बोले- बचपन से टाटा की गाड़ियां हमारी जिंदगी का हिस्सा, 15 देशों में लखनऊ से होता है एक्सपोर्ट

# टाटा की 10 लाखवीं गाड़ी में घूमे योगी

**सवारी**

**हेमन्त कृष्ण**

तमसा संकेत, लखनऊ। लखनऊ में टाटा मोटर्स प्लांट में 10 लाख गाड़ियां बन चुकी हैं। बुधवार को सीएम योगी ने 10 लाखवीं गाड़ी (ई-बस) को हरी झंडी दिखाई। उसकी सवारी भी की। इस दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने उन्हें इसकी खासियत बताई।

सीएम ने कहा-10 लाखवें वाहन का उत्पादन सिर्फ एक औद्योगिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है। यह उस नए यूपी का प्रतीक है, जो देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि यह उड़ान रुकने वाली नहीं है, बल्कि और अधिक ऊंचाइयां छुएगी। वहीं, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा- आज हम सब यहां 10 लाखवें वाहन के साक्षी बने हैं। यहां कॉमर्शियल व्हीकल का उत्पादन किया जाता है। सप्लायर, पार्टनर और कम्युनिटी का एक मजबूत इकोसिस्टम है। हम अगले 5 साल में 20 लाख व्हीकल बनाएंगे। 10 लाखवीं गाड़ी चिनहट स्थित देवा रोड प्लांट में बनी है। यह प्लांट 1992 में लखनऊ में स्थापित किया गया था। इससे करीब 8 हजार लोगों को रोजगार मिला है। यहां से 15 देशों में टाटा की गाड़ियां एक्सपोर्ट होती हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने टाटा मोटर्स के प्लांट में बनी 10 लाखवीं गाड़ी को झंडी दिखाई। इस प्लांट में बनने वालीं गाड़ियां 15 देशों में एक्सपोर्ट होती हैं। टाटा मोटर्स के CEO और MD गिरीश वाघ ने कहा- यह मौका हमारे लिए महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासनिक सहयोग का बड़ा योगदान है। प्रशासन ने मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा आयाम प्रदान किया है।




### 'प्लांट में बनने वाली गाड़ियां 15 देशों में ट्रांसपोर्ट होती हैं'

टाटा मोटर्स के CEO और MD गिरीश वाघ ने कहा- यह मौका हमारे लिए महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासनिक सहयोग का बड़ा योगदान है। प्रशासन ने मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा आयाम प्रदान किया है। यहां पर लाइट , हैवी व्हीकल के साथ बस का निर्माण किया जाता है, जिनका 15 देशों में ट्रांसपोर्ट होता है। वेस्ट मैनेजमेंट में ये प्लांट जीरो वेस्ट का दर्जा प्राप्त कर चुका है। इस प्लांट की स्थापना के समय से ही हमें रतन टाटा का गाइडेंस मिला।

### हमने यूपी के युवाओं को मार्केट-रेडी वर्कफोर्स बनाया

सीएम ने कहा- जब हम 'मोमेंटम' की बात करते हैं, तो यह केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होता। जहां द्रव्यमान (mass) होता है, वहां गति (velocity) भी होती है। यही गति हमें नई ऊर्जा और ताकत देती है। यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य है। इसमें 56% युवा हैं। हमने युवाओं को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़कर उन्हें मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स बनाने का काम किया है।

आज यूपी में जो औद्योगिक माहौल बना है, वह केवल कागजों या आंकड़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई देता है। बेहतर होती कानून-व्यवस्था, तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत कनेक्टिविटी ये सभी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई ताकत दे रहे हैं।

### बचपन से टाटा के वाहनों को जिंदगी का हिस्सा बनते देखा

हम सभी ने बचपन से टाटा मोटर्स के वाहनों को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनते देखा है। चाहे वह बसों में यात्राएं हों या ट्रकों के जरिए देशभर में सामान पहुंचाना। समाज की अंतिम जरूरतों को पूरा करने में टाटा समूह हमेशा अग्रणी रहा है। आज भी टाटा नाम विश्वास, गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक है।

लोग मानते हैं कि 'टाटा' का मतलब है- भरोसा। यह भरोसा उनकी मजबूत लीडरशिप, संस्थापकों के मूल्यों और लाखों कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। यही कारण है कि भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में टाटा के उत्पादों के प्रति विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है।



> **टाटा समूह ने नमक से लेकर स्टील, ऑटोमोबाइल से लेकर सॉफ्टवेयर, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और रक्षा उपकरणों तक हर क्षेत्र में भारत को सशक्त बनाने में भूमिका निभाई है। यूपी के साथ टाटा समूह की साझेदारी केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्वास और विकास का मजबूत आधार है।**

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में कार ने कुत्ते को कुचला

लखनऊ। लखनऊ के अयोध्यापुरी इलाके में 11 अप्रैल को एक कार ने सड़क पर बैठे कुत्ते के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। गाड़ी के पहिए में फंसकर कुत्ता कुछ दूर तक घसीटता रहा। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर पशु प्रेमी नीलम ने ठाकुरगंज थाने में आरोपी ड्राईवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सड़क पर एक कुत्ता लेटा हुआ है, तभी दूर से एक गाड़ी उसकी ओर आती हुई दिखाई देती है।

### लखनऊ सीएमएस में स्पेस फेस्टिवल-2026 का आगाज

लखनऊ। लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (CMS) में आज स्पेस फेस्टिवल-2026 का भव्य आगाज हुआ। इस मौके पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री और स्कूल के एलुमनाई शुभांशु शुक्ला भी मौजूद रहे, जिन्होंने करीब 30 हजार छात्रों से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान इंडियाज स्पेस फ्यूचर पर कई एक्सपर्ट ने बातचीत की। यह पहला अवसर था जब इतने बड़े स्तर पर इस तरह का स्पेस फेस्टिवल आयोजित हुआ।

CMS के कानपुर रोड ऑडिटोरियम में शुभांशु शुक्ला सुबह करीब साढ़े 10 बजे पहुंचे।

### पीट-पीटकर हुई थी महिला की हत्या

लखनऊ। काकोरी इलाके में सड़क किनारे मिले अज्ञात महिला के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में महिला के सिर पर आगे और पीछे दो गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर करीब 15 चोटें पाई गई हैं। डॉक्टरों ने मौत की वजह सिर में आई गंभीर चोट (हेड इंजरी) बताई है। रेप की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों ने स्लाइड तैयार कर जांच के लिए भेज दी है।

## रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग कूड़े की लपटों से एसी में जोरदार ब्लॉस्ट

### दमकल की 5 गाड़ियों ने डेढ़ घंटे में बुझाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में बुधवार (15 अप्रैल) को मोती महल रेस्टोरेंट के थर्ड फ्लोर पर एसी ब्लास्ट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज लपटें उठती देख मौके पर भारी भीड़ जुट गई और लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। लपटें इतनी तेज थीं की दूसरे फ्लोर पर चल रहे बैंक्विट हाल में रखा फर्नीचर का सामान जल गया।

आशियाना के पावर हाउस चौराहे के पास विवेक प्लाजा (प्लॉट नंबर K-17) के थर्ड फ्लोर पर संचालित मोती महल रेस्टोरेंट के बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के बाहर कूड़े के ढेर में आग लग थी। जिससे बाहर लगे एसी में ब्लास्ट होने से आग भड़क गई। एसी के आउटर यूनिट से उठी चिंगारी ने आग को तेजी से फैलाया। जानकारी के अनुसार आग की शुरुआत रेस्टोरेंट के किचन के पास से हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह ने दो फायर टैंकर घटनास्थल पर भेजें। फायर सर्विस की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों तरफ से होज पाइप बिछाकर आग को फैलने से रोका और बुझाने का काम शुरू किया। इसी दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ भी मौके पर पहुंचे।



### लखनऊ नगर निगम सदन में गले में तख्ती टांगकर पहुंचे पार्षद, भाजपा पार्षदों ने किया हंगामा

# कंपनी मालिक को लेट आने पर मेयर ने डांटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम की सदन बैठक बुधवार को सवा दो घंटे तक हंगामेदार रही। सुबह 9 बजे बैठक शुरू होते ही सोलर पैनल पर छूट लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह ने कहा कि किसी को कुछ नहीं आता, चुनाव चिह्न छाता। इस पर मेयर सुषमा खर्कवाल भड़क गईं।

उन्होंने कहा कि कोई मां के पेट से सीख कर नहीं आता है। अगर आपको दिक्कत है तो सदन छोड़कर चले जाएं। बोलने का मौका न मिलने का आरोप लगाते हुए भाजपा पार्षद हरिश्चंद्र लोधी, उमेश सनवाल और प्रमोद सिंह राजन सदन से वॉकआउट कर गए। सदन बैठक में देरी से आने पर मेयर ने लायन एनवायर के मालिक रणधीर सिंह को डांट लगाई। पूछा की आप लेट क्यों आए?



वहीं, जमीन पर पिछले दिनों न्यास की तरफ से सहयोगी संस्था भाजपा के साथ मिलकर सामुदायिक रसोई का संचालन करने और कार्यालय निर्माण की योजना थी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह जमीन पूर्व में लगभग 90 वर्षों के लिए दीनदयाल उपाध्याय सेवा न्यास को लीज पर आवंटित किया गया था।

यह आवंटन तत्कालीन नियमों और शर्तों के तहत किया गया था। जिसे न्यास द्वारा नगर निगम को स्वेच्छा से वापस कर दिया गया। नगर निगम अपनी भूमि की लीज निरस्त करते हुए वापस ले लिया।



नगर निगम के लालबाग मुख्यालय में मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सदन बैठक शुरू की।

### दीनदयाल सेवा न्यास ने नगर निगम को वापस की जमीन

दीनदयाल सेवा न्यास ने नगर निगम को जियामऊ की जमीन वापस कर दी है। इस जमीन पर अब एलडीए की तरफ से नियोजित विकास किया जाएगा। नगर निगम के सदन ने मंगलवार को यह जमीन सशुल्क एलडीए को देने का प्रस्ताव पास कर दिया है। यह जमीन मार्केट रेट से दोगुने दाम पर करीब 140 करोड़ रुपए में एलडीए को देने की योजना है। हालांकि, नगर निगम की तरफ से जमीन के रेट का मूल्यांकन करने के बाद इसपर मुहर लगेगी।

सामुदायिक रसोई के संचालन को लेकर जियामऊ में स्थित गाटा संख्या 196, क्षेत्रफल 5429.96 वर्ग मीटर की जमीन का दीनदयाल सेवा न्यास और नगर निगम ने लीज डीड किया था। मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि यह जमीन मार्केट रेट से दोगुने पर एलडीए को दी जाएगी।

# महिला आरक्षण पर सियासत तेज

### अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना, जनगणना टालने और पिछड़ों के अधिकार छीनने की साजिश का आरोप

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर दिखाई जा रही जल्दबाज़ी इस बात का संकेत है कि भाजपा सत्ता से बाहर होने की आशंका से घबराई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर जनगणना को टालना चाहती है, क्योंकि इससे जातिगत जनगणना की मांग उठेगी और आरक्षण के सवाल पर दबाव बढ़ेगा। अखिलेश यादव के अनुसार, भाजपा और उसके सहयोगी दल पिछड़े वर्गों को उनका हक देने से बचना चाहते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के तहत 'ए' यानी आधी आबादी—महिलाओं को भी शामिल किया गया है। उनका दावा है कि यह विधेयक 'पीडीए' के अधिकारों को कमजोर करने की एक साजिश का हिस्सा है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। महंगाई, गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें और शिक्षा व्यवस्था की खराब हालत ने महिलाओं के जीवन को प्रभावित किया है। उन्होंने मेरठ और नोएडा की महिलाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि उनके आंसू और दर्द सरकार की नीतियों की सच्चाई बयां करते हैं। अखिलेश यादव ने इस पूरे मुद्दे को लोकतंत्र के खिलाफ एक "गुप्त राजनीतिक योजना" करार देते हुए कहा कि जब तक प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुधार नहीं होगा, तब तक इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

> **अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की चुनावी अनियमितताओं का अब खुलासा हो चुका है। उन्होंने 'पीडीए प्रहरी' को एक विचारधारा बताते हुए कहा कि अब हर प्रदेश में इस पर निगरानी रखी जा रही है, जिससे चुनावी हेराफेरी की गुंजाइश कम हो गई है।**

### 'महिला आरक्षण का समर्थन, लेकिन...'

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन भाजपा की नीतियों और मंशा पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग की महिलाओं को नजरअंदाज कर यह विधेयक अधूरा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जनगणना आधारित परिसीमन से बचना चाहती है, जिससे जातिवार आंकड़े सामने न आएं। उनका मानना है कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर आरक्षण लागू करने की स्वतंत्रता राजनीतिक दलों को मिलनी चाहिए।

# लव जिहाद के विरुद्ध एक युद्ध का बिगुल

**19 अप्रैल को लखनऊ समेत अवध प्रांत के 14 जिलों में महापंचायत**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा "एक युद्ध - लव जिहाद के विरुद्ध" अभियान के अंतर्गत दिनांक 19 अप्रैल, रविवार को पटेल स्मारक पार्क, हजरतगंज में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा लव जिहाद जैसे गंभीर मुद्दे पर व्यापक जनसंवाद स्थापित करना है।

कार्यक्रम संयोजक अनुराग शुक्ला ने बताया कि बीते कुछ समय से लगातार ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें सुनियोजित तरीके से हिंदू बेटियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत घटनाएं नहीं, बल्कि एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा होती हैं,साथ ही इसका आतंकवाद से भी कहीं न कहीं कनेक्शन होता है,जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।




श्री शुक्ला ने कहा कि लव जिहाद की घटनाएं समाज के लिए नासूर बन गई है, और इसको मात्र एक घटना न माने बल्कि यह एक संगठित अपराध है, और देश की अखंडता के लिए भी खतरा है, इस लिए लव जिहादियों पर गैंगस्टर एक्ट और इस को भी देशद्रोह की श्रेणी में मानते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा में अपराध दर्ज किए जाए।

**आरोप : शादी के 6 साल बाद नहीं हुआ बच्चा, तानों से परेशान थी, मायकेवाले बोले- हत्या हुई**

# फंदे से लटकता मिला शव

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मोहनलालगंज। लखनऊ में शादी के छह साल बाद भी जब बच्चा नहीं हुआ तो ससुराल पक्ष के लोग महिला को ताने देने लगे। इससे परेशान महिला फांसी पर लटक गई। मायके वालों को जब यह पता चला तो भागे-भागे बेटी के घर आए। ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मृतका के चाचा बोले- जब हम घटनास्थल पहुंचे तो शव जमीन पर पड़ा था। टूटी चूड़ियां और अस्त-व्यस्त साड़ी थी।

उन्होंने ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि सभी एंगल से जांच की जा रही है। घटना मंगलवार रात निगोहां के नन्दौली गांव की है।



रूबी, मृतक

> **एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया- मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

मृतका की पहचान रूबी (पत्नी सूरज रावत) के रूप में हुई है। मंगलवार शाम पति सूरज रावत पास के गांव जमुरिया में एक शादी कार्यक्रम में लकड़ी काटने के काम से गए थे। उस समय रूबी अपने सास-ससुर के साथ घर पर थी। रात करीब 9:30 बजे पति सूरज ने फोन पर रूबी से बात की थी। जब वह रात करीब 1 बजे घर पहुंचा तो बरामदे में लगे पंखे से पत्नी का शव लटकता देखा। परिजनों ने तत्काल शव को नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। मायके पक्ष के लोगों ने रूबी के पति, सास-ससुर पर कोई आरोप नहीं लगाया है। उसकी जेठानी व उनके बेटों पर हत्या करने की आशंका जताई है। वो लोग अक्सर मारपीट और धमकी देते थे। हालांकि पुलिस से अभी कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। इस पर पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों को देखते हुए पति सूरज को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### 6 साल बाद भी नहीं हुई संतान, तनाव में थी विवाहिता

चाचा सुरेश कुमार ने बताया- रूबी का मायका हुल्ली का पुरवा तमनपुर बछरावां रायबरेली में है। उसका विवाह करीब 6 साल पहले निगोहां के नदौली गांव के रहने वाले सूरज रावत से हुआ था। सूरज मजदूरी करता है।

मंगलवार रात के समय पास के गांव में एक कार्यक्रम के लिए लकड़ी काटने गया था। उसने रात करीब डेढ़ बजे फोन पर बताया कि रूबी खत्म हो गई है। एक घंटे के अंदर परिवार के लोग पहुंच गए। रूबी की ससुराल पहुंचने पर पता चला कि उसने फांसी लगाई है, जबकि परिवार ने देखा कि वो जमीन पर लेटी है। पास में ही एक साड़ी पड़ी थी। जिससे फांसी लगाने का दावा कर रहे थे। वहीं से कुछ दूरी चूड़ियां टूटी पड़ी थीं। इस पर मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा किया। आरोप लगाया कि फांसी से पहले रूबी के साथ मारपीट की गई।

# ऐशबाग स्क्वायर में फ्लैट्स के लिए अब 30 अप्रैल तक करा सकेंगे पंजीकरण

### लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पंजीकरण अवधि 15 दिन के लिए बढ़ायी

**अपार्टमेंट में लगभग 1900 वर्गफिट क्षेत्रफल के कुल 384 फ्लैट्स होंगे**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के ऐशबाग स्क्वायर अपार्टमेंट में फ्लैट्स के लिए अब 30 अप्रैल, 2026 तक पंजीकरण कराया जा सकेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पंजीकरण अवधि 15 दिन के लिए बढ़ा दी है। इस रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में लगभग 1900 वर्गफिट क्षेत्रफल के कुल 384 प्रीमियम फ्लैट्स होंगे।

पंजीकरण सिर्फ और सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से ही कराया जा सकेगा। इसके लिए फ्लैट के अनुमानित मूल्य की 05 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत होगी। फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।



अपर सचिव सी0पी0 त्रिपाठी ने बताया कि ऐशबाग में मिल रोड पर बनने वाले इस ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट की कनेक्टिविटी और लोकेशन काफी प्राइम होगी। यह पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले क्षेत्र में बनेगा, जहां वर्तमान में आवासीय जरूरतें पूरी करने के लिए ऐसी जगह मिलना मुश्किल है। योजना से कुछ ही दूरी पर चारबाग रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और नाका, आलमबाग एवं अमीनाबाद जैसे महत्वपूर्ण बाजार मिल जाएंगे।

कुल 17,910 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाले ऐशबाग स्क्वायर में कुल 04 टावर होंगे, प्रत्येक टावर 27 मंजिल का होगा। अपार्टमेंट में 03 बीएचके एवं सर्वेंट श्रेणी के कुल 384 फ्लैट होंगे। प्रत्येक फ्लैट लगभग 1900 वर्गफिट क्षेत्रफल का होगा, जिसकी कीमत 1.11 करोड़ रूपये से शुरू होगी।

सोसाइटी में स्वीमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले-एरिया, पावर बैकअप, 600 से अधिक वाहनों की पार्किंग आदि की सुविधा होगी। साथ ही लोगों की व्यावसायिक जरूरतें पूरी करने के लिए कैम्पस में ही कॉमर्शियल दुकानें भी बनेंगी।

## अम्बेडकरनगर में जिला पंचायत के खिलाफ ठेकेदार का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

# भ्रष्टाचार के आरोप

**भुगतान और कमीशन को लेकर उठाए सवाल**

**धरना**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिला पंचायत में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में ठेकेदार राम अशीष मिश्रा ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। यह धरना जिला पंचायत कार्यालय के मुख्य गेट के सामने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा।

ठेकेदार ने प्रेस नोट जारी कर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अध्यक्ष की मर्जी के खिलाफ निविदा डालने पर उनके 50 हजार रुपये के जमानत चेक पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। बाद में भुगतान उच्च न्यायालय के आदेश और अवमानना याचिका के बाद ही संभव हो सका।




### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

ठेकेदार ने पुलिस और जिला प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका आरोप है कि शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि उनके खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर दी गई।

हिथूरी मार्ग के निर्माण कार्य में भी कमीशन देने का आरोप लगाया गया। ठेकेदार के अनुसार, 16 लाख रुपये की लागत वाले कार्य में 2.80 लाख रुपये दिए गए, जिसके बाद फाइल आगे बढ़ाई गई। धरने के माध्यम से उन्होंने भुगतान, कथित कमीशन की वापसी और कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। साथ ही जनप्रतिनिधियों, ठेकेदारों और आम लोगों से समर्थन की अपील की गई है।

**तेजापुर-चंदापुर मार्ग का कार्य पूरा होने और निरीक्षण के दौरान किसी आपत्ति के न होने का दावा किया गया है। इसके बावजूद बाद में कार्य में कमी बताकर भुगतान में देरी की बात सामने आई।**

### सड़क निर्माण के भुगतान में देरी का आरोप

राम अशीष मिश्रा ने जलालपुर-मित्तुपुर मार्ग पर दो सड़कों के बिल का भुगतान रोके जाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अवर अभियंता द्वारा बिल तैयार करने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। आईजीआरएस पर शिकायत करने के बाद भी 'प्रक्रिया में है' का जवाब मिला, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह तेजापुर-चंदापुर मार्ग पर भी तारकोल न मिलने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि संबंधित फाइल अध्यक्ष के पास लंबित रही, जिससे काम प्रभावित हुआ।

### कमीशन मांगने और दबाव बनाने के आरोप

प्रेस नोट में दावा किया गया है कि अवमानना नोटिस के बाद एक व्यक्ति ने फोन कर भुगतान के बदले पैसे देने की बात कही। इसके अलावा अभियंता पर भी दबाव बनाने और नुकसान की चेतावनी देने का आरोप लगाया गया है। ठेकेदार ने इन सभी मामलों की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा किया है।

# एनटीपीसी टांडा में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

## सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और 'वॉक फॉर इक्वलिटी' का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । एनटीपीसी टांडा में बुधवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति (सेवा) की ओर से सरगम ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा और गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा सहित अन्य अतिथियों द्वारा चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और समिति पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बुद्ध वंदना, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों में आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और संविधान में दिए गए अधिकारों को दर्शाया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में आंबेडकर को महान विद्वान और सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में याद किया। उन्होंने शिक्षा और समानता के उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए। इस पहल को स्थानीय स्तर पर उपयोगी कदम माना गया। कार्यक्रम के तहत 'वॉक फॉर इक्वलिटी' का आयोजन भी किया गया। इसमें एनटीपीसी और सीआईएसएफ के कर्मचारियों व उनके परिवारों ने भाग लिया।



**जयंती के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्रामीणों को 250 मच्छरदानियां वितरित की गईं। इसके साथ ही छात्रों को 125 स्कूल बैग और पठन सामग्री भी दी गई।**

**फास्ट न्यूज**

### शंकराचार्य के गविष्ठि यात्रा के होंगे 5 संकल्प

वाराणसी । शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा 81 दिवसीय "गविष्ठि यात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए हर विधानसभा में व्यक्तियों को नियुक्त कर दिया गया है। शंकराचार्य के साथ गौ-गंगा कृपाकांक्षी गोपाल मणि भी शामिल होंगे। मठ में हुई बैठक के अनुसार प्रमुख पांच संकल्पों पर मोहर लगी है।

### बाराबंकी में नहर किनारे युवती का शव मिला

बाराबंकी । बाराबंकी जिले के बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शव बाबा त्यागी दास कुटी के पास पिपरौली शारदा नहर पुलिया के निकट नहर किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 26 वर्ष है। उसने नीली जींस पैंट और सफेद छींटदार टी-शर्ट पहनी हुई थी। युवती का रंग सांवला, चेहरा गोल और बाल लंबे काले हैं। उसके दाहिने हाथ में कलावा (मौली) बंधा मिला है। पुलिस को आशंका है कि पहचान छिपाने के लिए युवती के चेहरे को बिगाड़ने का प्रयास किया गया है।

### वाराणसी में मिले टीबी के 16 नए मरीज

वाराणसी। सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य से समय समय पर टीबी मुक्त भारत अभियान भी चलाया जा रहा है। वाराणसी में भी 24 मार्च से यह अभियान चल रहा है। इसमें 14 एक्स-रे कैंप आयोजित हो चुके हैं। इस कैंप में कुल 1295 व्यक्तियों को जांच की गई जिसमें से 281 के एक्स-रे असामान्य पाए गए।

## बकाया भुगतान को लेकर आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

### सीएमओ कार्यालय के पास जुटीं कार्यकर्ता

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । बुधवार को आशा और संगिनी कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के पास प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2024 से लंबित बकाया भुगतान को लेकर नाराजगी जताई और तत्काल भुगतान की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कई मदों का भुगतान लंबे समय से रुका हुआ है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष ऊषा पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें आभा कार्ड, जननी सुरक्षा योजना और नसबंदी से जुड़े लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही।

इसके साथ ही एचबीवाईसी प्रशिक्षण का भुगतान और लंबित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जल्द पूरा कराने की मांग भी उठाई गई।



**■ लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग**

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर निर्धारित मानक के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सभी भुगतान की नियमित जांच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

साथ ही राज्य से मिलने वाले बजट और उसके खर्च का विवरण सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सार्वजनिक करने की मांग भी रखी गई।

# मिशन शक्ति : छात्र-छात्राओं को दी गई सुरक्षा की जानकारी

## बीएनकेबी पीजी कॉलेज में साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । उत्तर प्रदेश शासन की मिशन शक्ति फेस-5 (द्वितीय चरण) योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर नितीश कुमार तिवारी ने बीएनकेबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी।



कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान समय में शारीरिक सुरक्षा के साथ डिजिटल सुरक्षा भी जरूरी है। सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने और किसी भी फर्जी आईडी या संदिग्ध गतिविधि से बचने की सलाह दी गई।

छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग ठगी, ओटीपी शेयरिंग और लिंक फ्रॉड के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में आपातकालीन सेवाओं से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 112 पुलिस सहायता, 1090 महिला पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में बिना डर पुलिस सहायता लें और महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं।

## अम्बेडकरनगर में गेहूं क्रय केंद्रों पर अव्यवस्था के आरोप

### सुरपुर क्षेत्र में बिचौलियों की सक्रियता

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जनपद में गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। किसानों के लिए बनाए गए इन केंद्रों पर अव्यवस्था और अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं। ताजा मामला सुरपुर क्षेत्र का है, जहां केंद्र संचालन को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, केंद्र प्रभारी पर बिचौलियों को प्राथमिकता देने का आरोप है। बताया जा रहा है कि गेहूं की बोरियां सीधे किसानों से खरीदने के बजाय बिचौलियों के माध्यम से ली जा रही हैं। इससे वास्तविक किसानों को अपना गेहूं बेचने में दिक्कत हो रही है।

मामले की जानकारी के लिए जब मीडिया कर्मी केंद्र पर पहुंचे, तो स्पष्ट जवाब नहीं मिला। आरोप है कि स्थिति को लेकर सही जानकारी देने से बचने की कोशिश की गई। स्थानीय किसानों का कहना है कि क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता नहीं है। समय पर खरीद न होने और प्रक्रिया में बाधाओं के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।



किसानों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस स्थिति को देखते हुए जिले के गेहूं क्रय लक्ष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। यदि व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो लक्ष्य पूरा करना मुश्किल हो सकता है।फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक

## गैस सिलेंडर वितरण के लिए नया डीएसी नियम अनिवार्य

# एलपीजी डिलीवरी में ओटीपी आधारित सिस्टम लागू



**बदलाव**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर डिलीवरी प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी शिवकांत पांडे ने बताया कि अब सिलेंडर की डिलीवरी के लिए डीएसी (ओटीपी) अनिवार्य कर दिया गया है।

निर्देश के अनुसार 31 मार्च 2026 तक जारी सभी पुराने डीएसी (ओटीपी) अमान्य हो चुके हैं। 1 अप्रैल 2026 से उपभोक्ताओं को नया डीएसी कोड प्रस्तुत करने पर ही सिलेंडर मिलेगा। यह कोड सिस्टम द्वारा स्वतः जनरेट होकर उपभोक्ता के मोबाइल पर भेजा जाएगा। जिला पूर्ति विभाग ने बताया कि गैस एजेंसियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की जा रही है।



**■ लॉक अवधि भी तय**

**नई व्यवस्था में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 45 दिन और शहरी क्षेत्रों के लिए 25 दिन की लॉक अवधि निर्धारित की गई है।**

### बुकिंग के बाद क्रम के अनुसार मिलेगा कोड

नई व्यवस्था में बुकिंग के तुरंत बाद डीएसी जारी नहीं होगा। यह कोड एजेंसी के स्टॉक और दैनिक डिलीवरी के आधार पर क्रमवार भेजा जाएगा।

उदाहरण के तौर पर यदि किसी उपभोक्ता का नंबर 846 है और एजेंसी प्रतिदिन 120 सिलेंडर वितरित करती है, तो पहले 845 उपभोक्ताओं के बाद ही 846वें को कोड मिलेगा।

मोबाइल ऐप, मिस्ड कॉल या व्हाट्सएप से बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को भी अपने क्रम के अनुसार ही डीएसी प्राप्त होगा।

# अमन नायर ने बीसीए प्रवेश प्रक्रिया में हासिल की प्रथम रैंक

## केडी कॉन्वेंट स्कूल के छात्र की सफलता

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिले के अकबरपुर शिक्षा क्षेत्र के बनगांव स्थित केडी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के इंटरमीडिएट छात्र अमन गिरीश नायर ने बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की प्रवेश प्रक्रिया में प्रथम रैंक हासिल की है। यह परीक्षा जैन डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी, कोच्चि के लिए आयोजित जॉइंट इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से हुई।

अमन की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासन ने उन्हें प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और छात्र मौजूद रहे।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, अमन ने अपनी मेहनत और अनुशासन से यह सफलता प्राप्त की है। उनकी उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया गया है। प्रबंधक आर.के. त्रिपाठी और प्रिंसिपल डॉ. एच.के. सिंह ने अमन को सम्मानित किया। इस दौरान पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने छात्र की सफलता पर खुशी जताई।




विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्कूल में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है।

प्रबंधक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना संस्थान का लक्ष्य है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने और उन्हें आगे बढ़ाने की अपील की।

अमन नायर की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए उदाहरण मानी जा रही है। विद्यालय ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और आगे भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद जताई है।

## टांडा के मीरनपुरा में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### 10 वर्षीय बेटी ने पिता को दी घटना की सूचना

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । टांडा कोतवाली क्षेत्र के मीरनपुरा मोहल्ले में बुधवार दोपहर एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सबसे दर्दनाक पहलू यह रहा कि मृतका की 10 वर्षीय बेटी ने मां को फंदे पर लटका देखा और तुरंत पिता को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार, मीरनपुरा निवासी गणेश गुप्ता की पत्नी शीला देवी (38) ने दोपहर करीब 12:38 बजे घर में कपड़े के सहारे लोहे के बक्से से कूदकर फांसी लगा ली। उस समय पति दुकान पर थे और घर में केवल बेटी मौजूद थी।

बेटी सौम्या गुप्ता उर्फ परी ने जब मां को फंदे पर लटका देखा तो घबराकर तुरंत पिता को फोन किया। सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गई।



सूचना पर टांडा कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसआई मुनीमनरंजन दूबे, एसआई वंदना मौर्या, दीवान अनवर खान, महिला कांस्टेबल गायत्री और कांस्टेबल अवनीश यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने मौके की वीडियोग्राफी कर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शीला देवी पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थीं। उनका व्यवहार भी संदिग्ध बताया जा रहा है।

**जांच :** एसपी प्राची सिंह का सख्त रुख, दो लाइन हाजिर, एक पर रिपोर्ट लखनऊ भेजी गई

# प्रतिमा विवाद में तीन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई


**■ ग्रामीणों का विरोध, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात**

**■ सख्त कार्रवाई से दिया स्पष्ट संदेश**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । महरुआ थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर हुए प्रतिमा विवाद के बाद पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में लापरवाही पाए जाने पर तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कदम उठाए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए गोपनीय जांच कराई। जांच में महिला उपनिरीक्षक पूजा शुक्ला, आरक्षी अश्वनी कुमार और एलआईयू उपनिरीक्षक रामसूरत की लापरवाही सामने आई। इसके बाद पूजा शुक्ला और अश्वनी कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया, जबकि रामसूरत के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट लखनऊ भेजी गई है।



प्रतिमा हटाने के दौरान महिलाओं, युवकों और बच्चों ने नारेबाजी की और हटाने का विरोध किया। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। प्रशासन ने समझाने और अनुमति दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे प्रतिमा हटवाई जा सकी।

### बिना अनुमति प्रतिमा रखने से शुरू हुआ विवाद

सोमवार रात गांव में बिना अनुमति डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा रखी गई थी। मंगलवार को दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रतिमा हटवाने के लिए प्रशासनिक टीम को करीब दस घंटे तक ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्र समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

> **एसपी प्राची सिंह की त्वरित कार्रवाई को पुलिस व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने साफ किया है कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।**

## मत्स्य पालकों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

### बिजली सहायता और ऋण पर ब्याज अनुदान का मिलेगा लाभ

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मत्स्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। उ.प्र. मत्स्य पालक कल्याण कोष के तहत मछुआ और मत्स्य पालक परिवारों को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

विभागीय पोर्टल 18 मार्च 2026 से खोल दिया गया है। इसके माध्यम से पात्र लाभार्थी जल जीव पालन से जुड़ी गतिविधियों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस योजना के तहत बिजली पर राज्य सहायता दी जाएगी। इसके अलावा मत्स्य पालन के लिए लिए जाने वाले अल्पकालिक और दीर्घकालिक बैंक ऋण पर ब्याज में भी आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मत्स्य पालक क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को आर्थिक सहयोग देना है।



योजनाओं से जुड़ी सभी जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। इसमें परियोजनाओं का विवरण, अनुदान की सीमा, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज शामिल हैं।

आवेदक अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय, शाबुन विभाग गली, बस स्टैंड के पास, अकबरपुर में संपर्क कर सकते हैं। यहां कार्य दिवस में योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

# सम्पादकीय

## श्रमिक अशांति



यह शुभ संकेत नहीं कि दिल्ली से सटे गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में श्रमिकों के धरने-प्रदर्शन के साथ पथराव का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों नोएडा में श्रमिकों ने जिस बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ एवं आगजनी की, वह यही बताती है कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश थी, क्योंकि यह सहज-सामान्य नहीं कि यकायक बड़ी संख्या में श्रमिक सड़कों पर उतर आएं और अराजकता का सहारा लेकर लोगों को भयाक्रांत करें।

पुलिस की ओर से श्रमिकों के उपद्रव के मामले में साजिश को रेखांकित तो किया जा रहा है, लेकिन आखिर उसे समय रहते इसकी भनक क्यों नहीं लगी? नोएडा में श्रमिकों के बीच असंतोष व्याप्त हो रहा है, इसका भान शासन को भी होना चाहिए था और प्रशासन को भी, क्योंकि वेतन वृद्धि का मामला कई दिनों पहले और खासकर तब उभर आया था, जब हरियाणा के गुरुग्राम में कामगारों के वेतन में वृद्धि कर दी गई। इसका असर पड़ोसी क्षेत्र नोएडा के श्रमिकों पर भी पड़ा। हालांकि जिलाधिकारी ने उनके असंतोष को दूर करने के लिए बोनस, ओवरटाइम, वेतन भुगतान के समय आदि को लेकर कई निर्णय किए और उनकी शेष समस्याओं पर विचार करने की भी बात कही, लेकिन किन्हीं कारणों से श्रमिक संतुष्ट नहीं हुए। क्या इसलिए कि कोई उन्हें हिंसा के लिए भड़का रहा था?

इसकी आशंका इसलिए बलवती होती है कि एक तो उन प्रतिष्ठानों को भी निशाने पर लिया गया, जहां के कामगारों के लिए वेतन में कमी कोई मुद्दा नहीं था और दूसरे गत दिवस घरेलू सहायिकाओं के तौर पर काम करने वाली महिलाएं भी सड़कों पर उतर आईं। आखिर उनका वेतन तो उनकी मांग पर ही तय होता है। आम तौर पर उनके सामने कम पैसे पर काम करने की कोई विवशता नहीं होती।

यह ठीक है कि नोएडा में श्रमिकों की हिंसा के बाद राज्य सरकार की ओर से उनके वेतन में वृद्धि के निर्णय के साथ एक ऐसी समिति गठित कर दी गई है, जो उनकी मांगों पर विचार करेगी, लेकिन इस मामले में केंद्र सरकार को भी चेतना होगा, क्योंकि नोएडा की श्रमिक अशांति का असर अन्य राज्यों पर भी पड़ सकता है। देश में श्रमिक अशांति कोई नई बात नहीं है, लेकिन इतना तो है ही कि लंबे समय बाद देश में कहीं पर इतने बड़े पैमाने पर कामगारों ने हिंसा की। ध्यान रहे नोएडा केवल औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं।

यह आवासीय क्षेत्र भी है और श्रमिकों की हिंसा से आम लोग भी तंग हुए। श्रमिकों को अपनी मांगें रखने का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर यदि वे उपद्रव करेंगे तो अपना ही नुकसान करेंगे। यदि उनके उपद्रव के भय के चलते नोएडा की फैक्ट्रियां लंबे समय तक बंद रहती हैं तो सबसे अधिक नुकसान उन्हें ही उठाना पड़ेगा। चूंकि नुकसान उद्यमियों को भी होगा, इसलिए उनका पक्ष भी सुना जाना चाहिए।

# बिहार में विकास सम्बन्धी चुनौतियों को अवसरों में बदलना होगा सम्राट चौधरी को!

"अनुभव बताता है कि बिहार में अलग अलग जिलों के बीच विकास का अंतर बड़ा है. कुछ शहर आगे बढ़ रहे हैं तो बहुत से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्र विकास 'समीक्षा चक्र' से बाहर रह जाते हैं।



बिहार के नए सम्राट को फूलों की सेज नहीं, बल्कि कांटों का ताज मिला है। चाहे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हों या पूर्व मुख्यमंत्री दम्पत्ति लालू प्रसाद और राबड़ी देवी, कभी भी चैन पूर्वक राज नहीं कर सके। लिहाजा, मौजूदा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी उन जातीय और साम्प्रदायिक चुनौतियों से जूझना होगा जो बिहार के विकास में शुरू से ही बाधक समझी गई हैं लेकिन जिस प्रकार से आधुनिक बिहार के निर्माता और प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिन्हा को कांग्रेस के सहयोग से लंबे समय तक राज करते हुए जनसेवा का मौका मिला, वैसी ही मौजूदा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भाजपा के सहयोग से जनसेवा का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा भी है कि पार्टी ने उन्हें पद नहीं, जनसेवा का अवसर दिया है, इसलिए विकास, सुशासन और समृद्धि उनके शासन का मूलमंत्र होगा। बिहार के आर्थिक विश्लेषक बताते हैं कि बिहार के विकास में श्रीकृष्ण सिन्हा के बाद नीतीश कुमार ने एक बड़ी रेखा खींचने की कोशिश की, प्रगति नजर भी आई लेकिन महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और हाल के वर्षों में उत्तरप्रदेश के विकास को देखा जाए तो अब भी बिहार के विकास में कई बड़ी बड़ी चुनौतियाँ बाकी हैं, जो आंकड़ों और राज्य की सामाजिक आर्थिक स्थिति को देखने पर साफ दिखती हैं। इसलिए भाजपा की सरकार के सुलझे हुए और समावेशी प्रवृति वाले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी बिहार के समग्र विकास के लिए निम्नलिखित चुनौतियों से जूझना होगा लेकिन अपने मृदु स्वभाव से वे एक एक करके इनसे पार पा जाएंगे, ऐसा मुझे दृढ़ विश्वास है।

**पहला, निर्धनता, रोज़गार और मानव पूंजी के नजरिए से विकास**

आंकड़े बताते हैं कि बिहार, भारत के सबसे कम आय वाले राज्यों में शुमार है, जहां गरीबी दर अभी भी काफ़ी ऊँची है और रोज़गार की गुणवत्ता कमज़ोर है। समझा जाता है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश कम होने के कारण यहां की "मानव पूंजी" कमज़ोर है- साक्षरता और स्किल लेवल अभी भी देश के स्तर से काफी नीचे हैं, जिससे युवाओं को अच्छे रोज़गार के अवसर मिलने में दिक्कत होती है। ऐसे में यदि अपराध, जातीय सोच और सांप्रदायिक मिजाज को हतोत्साहित करके इन लक्ष्यों को पाया जा सकता है। इसके लिए अप्रवासी बिहारियों और बिहार मूल के एनआरआई को आकर्षित करने वाली योजनाओं को बनाना होगा और उनपर दृढ़तापूर्वक अमल करना होगा।

**दूसरा, कृषि पर अत्यधिक निर्भरता के चलते उत्पादकता बढ़ाने पर देना होगा ध्यान**

यद्यपि हार की आबादी का बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है लेकिन उत्पादकता और आय दोनों ही अपेक्षाकृत कम हैं। ऐसा इसलिए कि उत्तर बिहार 4 महीना बाढ़ से आक्रांत रहता है और तभी दक्षिण बिहार सूखा से जूझ रहा होता है। खेती और बागवानी यहां पर होती तो है, लेकिन भंडारण सुविधाएँ, बाढ़ प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन और बारहमासी सिंचाई की सीमित पहुँच जैसे कारकों के कारण कृषि अभी भी बहुत जोखिम भरी और कम लाभ वाली काम साबित होती है। लिहाजा किसानों और मजदूरों के बच्चे परदेश कमाने चले जाते हैं और अपनी उद्यमिता से सबको सुख पहुंचाते हैं।

**तीसरा, औद्योगिक विकास और निवेश की दिक्कत सबसे बड़ी अड़चन**

बिहार में 26 साल पहले हुए राज्य विभाजन के बाद औद्योगिक आधार छोटा हुआ है, क्योंकि अधिकांश बड़े उद्योग-धंधे झारखंड के हिस्से में चले गए। ततपश्चात छोटे और कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, कृषि आधारित उद्योग तकनीकी पिछड़ेपन और वित्तीय अभाव के कारण इनका समग्र विस्तार नहीं हो पा रहे हैं। इस स्थिति को बदलना होगा। इस कारण और निजी निवेश की दृष्टि से बिहार अभी भी "निवेश अनुकूल" राज्यों की पहली पंक्ति में नहीं है, बल्कि तेज़ी के साथ उद्योग बढ़ाने की चुनौती बरकरार है। ऐसे में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और राज्य नेतृत्व को चाहिए कि वह महाराष्ट्र और गुजरात की तर्ज पर बिहार-उत्तरप्रदेश में औद्योगिक विकास की गति तेज करे, क्योंकि इन दोनों राज्यों में औद्योगिक रफ्तार तेज होने से लुक ईस्ट की विदेश नीति को मजबूत आधार मिलेगा।

**चौथा, बुनियादी ढांचा और शहरीकरण में निवेश और विस्तार**

बिहार में सड़क नेटवर्क, बिजली, जल सुविधा, नालियाँ, जनस्वास्थ्य और शहरी बुनियादी ढांचा अभी भी प्रमुख रूप से कमज़ोर जगह बनी हुई हैं। चाहे स्थापित शहर हों या कस्बाई शहर, यहां शहरी-करण बहुत धीमी गति से हो रहा है, जिससे औद्योगिक सेवा अर्थव्यवस्था को उतना बल नहीं मिल पा रहा जितना दूसरे विकसित राज्यों में मिला है। इसलिए नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को इस ओर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि रोजगार के सृजन में इस क्षेत्र का बड़ा योगदान होता है।

**पांचवां, जनस्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाएँ बेहतर करना**

बिहार के शहरी इलाकों की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएँ बेहद कमज़ोर हैं- खासकर डॉक्टर आबादी अनुपात कम, स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या पर्याप्त नहीं है और कुपोषण जैसी समस्याएँ अभी भी गंभीरबनी हुई हैं। इसी तरह पीडीएस (PDS), राशन, योजनाओं के वितरण में धांधली, रिसाव और कार्यान्वयन की कमज़ोरी विकास के लाभों को गरीबों तक पहुँचने से रोकते हैं। इस स्थिति में अमूलचूल बदलाव लाना होगा ताकि स्थिति बदले।

**छठा, शासन, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर कम ध्यान**

बिहारी में जब भी नेतृत्व परिवर्तन होता है तो शासन, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था में बदलाव की उम्मीदें बंधती हैं, लेकिन बाद में सबकुछ पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। अब इस स्थिति को बदलना होगा क्योंकि कई रिपोर्टों में बिहार को भ्रष्टाचार, निष्पक्ष नियोजन और प्रशासनिक दक्षता की दिक्कत से जूझता हुआ देखा गया है, जिससे बजट का अच्छे तरीके से उपयोग होना मुश्किल होता है। वहीं, कानून व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रियाओं में देरी निवेशक और नागरिक दोनों के लिए चिंता का मुद्दा है। इसलिए नए मुख्यमंत्री को इसे समझना होगा और विशेष टास्क फोर्स का गठन कर इस स्थिति को बदलना होगा। इसी में बिहार का हित निहित है।

**सातवां, क्षेत्रीय असमानता और जाति धर्म की संवेदनशील राजनीति**

साथ ही, जाति आधारित राजनीति और आरक्षण संबंधी विवाद नीतियों को लंबे समय तक टिकाने और निष्पक्ष ढंग से लागू करने में बाधा बनते हैं।


**कमलेश पांडेय**

## इस दिशा में पहला...

डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र

# नारी शक्ति वन्दन अधिनियमः प्रतिनिधित्व और क्रियान्वयन की चुनौती

कामायनी के श्रद्धा सर्ग में जयशंकर प्रसाद ने नारी की चेतना को इंगित करते हुए लिखा है "नारी, तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास-रजत-नग-पग तल में,पीयूष-स्रोत सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल में।" अर्थात् नारी केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और जीवनदायिनी शक्ति का प्रतीक है, जो अपने स्नेह, करुणा और संवेदनशीलता से जीवन को सुन्दर और सन्तुलित बनाती है। भारतीय समाज में नारी सदैव आदरणीय रही है किन्तु यह भी एक कटु सत्य है कि इन आदर्शों के बावजूद वास्तविक सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उसकी भागीदारी लम्बे समय तक सीमित रही है। यही विरोधाभास भारतीय लोकतन्त्र में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहाँ एक ओर संविधान ने समानता का अधिकार प्रदान किया, वहीं दूसरी ओर संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत बहुत कम बना रहा जबकि दुनिया के कई देशों जैसे बांग्लादेश (14%), पाकिस्तान (17%) औरनेपाल (33%) में महिलाओं के लिए संसद में आरक्षण है। इसी तरहरवांडा (30%), तंज़ानियाऔरयुगांडामें भी विशेष आरक्षण अथवा कोटा व्यवस्था लागू है। ऐसे परिप्रेक्ष्य में महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 (नारी शक्ति वन्दन अधिनियम)इस ऐतिहासिक असन्तुलन को दूर करने की दिशा में



एक महत्त्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित पहल के रूप में सामने आया। 28 सितम्बर 2023 को कानून बनने के बाद मध्य प्रदेश,राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिज़ोरम विधानसभाओं के चुनाव हो चुके हैं फिर भी यह अपनी मूर्तता की बाट जोह रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सरकार 16–18 अप्रैल के मध्य संसद का विशेष सत्र बुला रही है, लेकिन सवाल यह है कि अब तक सरकार ने इस सन्दर्भ में प्रयास क्यों नही किया, सरकार की अग्रिम योजना क्या है और इस कानून के लागू हो जाने के बाद क्या बदलाव होगा, ये ऐसे गूढ़ प्रश्न हैं जिन्हे संवैधानिक और व्यावहारिक पहलुओं के आलोक में समझा जा सकता है।

यदि हम इस प्रश्न की जड़ों में जाएँ, तो असमान प्रतिनिधित्व की समस्या नई नहीं है।संविधान सभा, जिसने स्वतन्त्र भारत के लोकतान्त्रिक ढाँचे की रचना की, उसमें भी महिलाओं की भागीदारी अत्यन्त सीमित थी,कुल सदस्यों में मात्र4–5 प्रतिशत (लगभग 15 महिलाएँ)। यह आँकड़ा दर्शाता है कि प्रारम्भिक स्तर पर ही महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति कम थी। इसके बावजूद, संविधान निर्माताओं ने समानता के आदर्शों को अत्यन्त महत्त्व दिया।अनुच्छेद 14विधि के समक्ष समानता औरअनुच्छेद 15लिंग के आधार पर भेदभाव के निषेध की बात करता है बावजूद इसके अनुच्छेद 15(3) में राज्य को महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान करने की अनुमति प्रदान की गई। स्पष्ट है कि संवैधानिक स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण की नींव मजबूत रखी गई थी लेकिन व्यवहारिक राजनीति में यह समानता परिलक्षित नहीं हो सकी।

इस दिशा में पहला वास्तविक और प्रभावी हस्तक्षेप 1992–93 के 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से हुआ। इन संशोधनों ने पंचायतों और नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा देते हुए महिलाओं के लिए कम से कम 33% आरक्षण सुनिश्चित किया। कई राज्यों ने इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कर दिया(बिहार सबसे पहला राज्य है जिसने पंचायतों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण को बढ़ाकर50% किया, इसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों ने भी स्थानीय निकायों में 50% महिला आरक्षण लागू किया)। इस प्रयोग ने न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाया बल्कि यह भी सिद्ध किया कि महिला नेतृत्व शासन को अधिक संवेदनशील, समावेशी और जनकल्याणकारी बना सकता है। यह अनुभव इस बात का ठोस प्रमाण था कि यदि अवसर मिले, तो महिलाएँ प्रभावी राजनीतिक भूमिका निभा सकती हैं।

इसके बावजूद, संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण की राह आसान नहीं रही। 1990 के दशक से लेकर 2010 तक यह विधेयक बार-बार संसद में पेश किया गया1996, 1998, 1999, 2003 और 2008लेकिन हर बार यह राजनीतिक असहमति के कारण अटक गया।

## सम्राट चौधरी...

डॉ घनश्याम बादल

# फायर ब्रांड योद्धा से 'सम्राट' तक

नीतीश युग के अंत के साथ ही बिहार को नया सम्राट मिल गया है। मुख्यमंत्री पद पर सम्राट चौधरी का पहुंचना हाई कमान की पसंद और विधायकों को साधने की कला के साथ आक्रामक अंदाज की राजनीति , राजनीतिक अनुभव की पारिवारिक पृष्ठभूमि के साथ हमेशा एक नए युद्ध के लिए तैयार रहने की प्रवृत्ति का पारितोषिक कहा जा सकता है।

सम्राट चौधरी का अभ्युदय बिहार की सियासत में अचानक नहीं, बल्कि लंबी राजनीतिक भटकनों, गठबंधनों और महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ियाँ चढ़ते हुए हुआ है। उनका राजनीतिक सफर सरल रेखा में नहीं, बल्कि टेढ़े-मेढ़े रास्तों, सत्ता के समीकरणों और अवसरों की पहचान से बुनी गई एक जटिल राजनीतिक सफर है, जिसमें विरासत, विद्रोह, विवाद, राजनीति के व्यवहारवाद को समझने की कला के साथ पढ़ने लड़ने और मंजिल पाने तक की ज़िद शामिल है । सम्राट चौधरी के पिता शकुनी चौधरी बिहार की राजनीति के चर्चित और प्रभावशाली नेता रहे, जिनकी पकड़ खासकर पिछड़े वर्ग की राजनीति में मजबूत मानी जाती थी। इस पारिवारिक पृष्ठभूमि ने सम्राट को राजनीति का शुरुआती संस्कार तो दिया, लेकिन साथ ही यह दबाव भी कि उन्हें अपने नाम से पहचान बनानी होगी, सिर्फ पिता की विरासत से नहीं। बचपन से ही राजनीतिक माहौल में पले-बढ़े सम्राट के लिए सत्ता के गलियारों की भाषा नई नहीं थी, परंतु उसे साधना आसान भी नहीं था।

सम्राट चौधरी का झुकाव किताबों से ज्यादा सत्ता की चालों को समझने में रहा। यही वजह रही कि छात्र जीवन में ही वे राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ गए। यह जुड़ाव वैचारिक कम और व्यावहारिक अधिक था. जहाँ अवसर दिखा, वहाँ कदम बढ़ाया। यही प्रवृत्ति आगे चलकर उनके पूरे राजनीतिक करियर की पहचान बनी।

बिहार के नए मुख्यमंत्री कई दलों के बीच झूलते रहे हैं। शुरुआत राष्ट्रीय जनता दल से की जो उस समय बिहार की सबसे प्रभावशाली ताकत थी। लालू प्रसाद यादव के दौर में आरजेडी के साथ जुड़ना एक सुरक्षित राजनीतिक निवेश माना जाता था लेकिन सम्राट की महत्वाकांक्षा सिर्फ एक सीमित भूमिका में सिमटने वाली नहीं थी। समय के साथ उन्होंने दल बदला और जनता दल (यूनाइटेड) का रुख किया जहाँ उन्हें सत्ता के करीब आने का मौका मिला हालांकि, यह ठहराव भी ज्यादा दिन नहीं चला। बिहार की राजनीति में अवसरों की तलाश करते हुए उन्होंने अंततः भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा- और यहीं से उनके राजनीतिक कैरियर को नई दिशा मिली। उन्होंने खुद को एक आक्रामक और मुखर नेता के रूप में स्थापित किया। उनकी भाषा में धार थी, बयानबाजी में आक्रामकता, और विरोधियों पर हमला करने में कोई संकोच नहीं। यही शैली उन्हें भारतीय जनता पार्टी के भीतर तेजी से ऊपर ले गई लेकिन इसी ने उन्हें विवादों के केंद्र में भी रखा। सम्राट चौधरी और विवादों का चोली दामन का साथ रहा है। उनके बयानों ने अक्सर राजनीतिक तापमान बढ़ाया है चाहे वह जातीय समीकरणों पर टिप्पणी हो या विपक्षी नेताओं पर व्यक्तिगत हमले। आलोचकों का कहना है कि उनकी राजनीति मुद्दों से ज्यादा उत्तेजना पैदा करने पर आधारित रही है।

# सीटीसी और इन हैंड वेतन समझना जरुरी

नॉएडा में आजकल वेतन वृद्धि को लेकर आंदोलन चल रहा है. आइये इसी बीच वेतन से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण मसला CTC और इन हैंड वेतन को यहां समझते हैं. यह लेख इस विषय पर जागरूकता पैदा करने के लिए लिखा गया है. भारत में नौकरी पाने का सपना आज भी लाखों युवाओं की प्राथमिक आकांक्षा है। कैंपस प्लेसमेंट हो या किसी निजी कंपनी का ऑफर सबसे पहले जिस शब्द पर नज़र जाती है, वह है CTC। जैसे ही किसी ऑफर लेटर में 5 लाख, 10 लाख या 20 लाख CTC लिखा होता है, यह युवाओं और उनके परिवार के अंदर एक स्वाभाविक उत्साह पैदा कर देता है। परिवार में खुशी का माहौल बनता है, और युवा स्वयं को आर्थिक रूप से स्थापित मानने लगता है लेकिन यहीं से एक ऐसी गलतफहमी शुरू होती है, जो अगर जानकारी शुरू में नहीं है तो कई बार आगे चलकर निराशा का कारण बनती है। कई लोगों को नौकरी ज्वाइन करते वक्त पता चलता है कि जो बैंक खाते में क्रेडिट होगा वह इससे कम राशि है. वास्तविकता यह है कि CTC, ग्रॉस सैलरी और नेट सैलरी तीन अलग-अलग चीजें हैं, और इनके बीच का अंतर समझे बिना किसी भी नौकरी के प्रस्ताव का मूल्यांकन अधूरा है। आइये सबसे पहले बात करते हैं CTC जिसका फुल फॉर्म होता है Cost to Company की। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह वह कुल राशि है जो कंपनी किसी कर्मचारी पर खर्च करती है। इसमें केवल वह वेतन शामिल नहीं होता जो कर्मचारी को मिलता है, बल्कि वे सभी खर्च भी शामिल होते हैं जो कंपनी कर्मचारी के लिए करती है। उदाहरण के लिए, प्रोविडेंट फंड में कंपनी का अपना खुद का योगदान जो एम्प्लोयी के वेतन के अतिरिक्त उसका खुद का अंशदान होता है, ग्रेच्युटी, बीमा, मेडिकल सुविधाएँ, और कई बार कार, घर या बच्चों की शिक्षा जैसी सुविधाएँ भी इसमें जोड़ दी जाती हैं।

**पंकज जायसवाल**

# जरा हटके

## इस वर्ष कमजोर...

जयसिंह रावत

# कमजोर मानसून की आशंकाः किसानों और अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौती



देश में वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर जारी पूर्वानुमानों ने विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों के लिए चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग के दीर्घकालिक आकलन के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के बड़े हिस्सों में इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने की आशंका है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर के कुछ क्षेत्रों में भी वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान जताया गया है, जबकि लद्दाख में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। यह स्थिति केवल जलवायु की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि कृषि, जल संसाधनों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष देश में कुल मानसूनी वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) का लगभग 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो सामान्य श्रेणी से नीचे की स्थिति को दर्शाता है। विशेष रूप से उत्तराखंड में सामान्य से कम वर्षा की संभावना 35 से 65 प्रतिशत के बीच बताई गई है। यह संकेत करता है कि पहाड़ी क्षेत्रों में जल स्रोतों, सिंचाई और पेयजल व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।

इस वर्ष कमजोर मानसून की आशंका के पीछे एक प्रमुख कारण उत्तरी गोलार्ध में सर्दी और वसंत ऋतु के दौरान हिम आवरण (स्नो कवर) का सामान्य से कम रहना बताया गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, हिम आवरण का क्षेत्रफल कम होने से भूमि और वायुमंडल के बीच तापमान का अंतर कमजोर पड़ जाता है। यह अंतर मानसून की गति और उसकी तीव्रता को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब यह तापीय अंतर कम हो जाता है, तो मानसूनी हवाओं की शक्ति भी कमजोर पड़ सकती है, जिससे वर्षा की मात्रा प्रभावित होती है। वैश्विक जलवायु संकेतक भी इस वर्ष मानसून पर प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में ला-नीना की कमजोर होती स्थिति के कारण जलवायु तटस्थ अवस्था की ओर बढ़ रही है, जबकि मानसून के महीनों के दौरान अल-नीनो की संभावना जताई जा रही है। अल-नीनो की स्थिति आमतौर पर भारत में वर्षा की कमी से जुड़ी होती है, क्योंकि इसके दौरान प्रशांत महासागर का तापमान बढ़ जाता है और मानसूनी हवाओं की दिशा व गति प्रभावित होती है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि बाद के महीनों में हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की स्थिति सकारात्मक हो सकती है जिससे वर्षा की कमी को आंशिक रूप से संतुलित किया जा सकता है।

# नजरिया अपना-अपना

पानी से भरे आधे ग्लास को देखने का अपना-अपना नजरिया है। सिढ़ीयां ऊपर जाने का तो किसी के लिए नीचे उतरने का जरिया है । यह हमारी सोच है की हम किस दृष्टि से मूल्यांकन करते हैं , मंजिल तक पहुंचा दे या बीच मे ही दम तोड़ दें जिन्दगी वो दरिया है। दुनिया में सबकी सोच व देखने का नजरिया अलग होता है । हमको रिश्ते निभाने के लिए दूसरों के नजरिए को भी समझने की जरूरत होती है।जीवन में स्थितियां बदलती रहती है, बस ! जरूरत है एक-दूसरे को सहयोग करने की । वह यदि हमारे सकारात्मकता हो तो जीवन हंसी खुशी से बीत जाता है ।यदि नजरिया नकारात्मक हो तो जीवन में घुल लग जाता है। हमारे जीवन में हार-जीत तो लगी ही रहती है। हम इसको सही नजरिये से समझें कि जीवन में हार जाना गलत नहीं है, हार मान कर बैठ जाना गलत है । क्योंकि जीवन पूर्ण-विराम नहीं है । यह केवल अंत ही है और एक नए वाक्य की शुरुआत भी हैं । वह सिर्फ दुनिया के सामने जीतने वाला ही अक्सर विजेता नहीं होता। वह किन रिश्तों के सामने कब एवं कहां पर हारना है यह जानने वाला भी विजेता होता है। ऐसा विजेता हार कर भी विजेता समझा जाएगा। हमारी अगर सीखने की इच्छा हो और हमारा नजरिया सही हो तो हर चीज से हमको शिक्षा मिलती है । घड़ी को ही देखिये वह रुकती नहीं है अगर रूक गरी तो खटारा है । वैसे ही समय भी रूकता नहीं है समय के साथ चलते रहिये । समय पिछले पर का भूतकाल वह अगला पर भविष्य होगा ।जिंदगी में समय व नियम के साथ चलिये सफलता अवश्य मिलेगी। जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि यही बात मनुष्य जीवन के संदर्भ में भी लागू होती है । व्यक्ति के विचार, उसकी दृष्टि कई बार उसके जीवन की दशा और दिशा निर्धारित करती हैं । यदि जीवन में हम सकारात्मक सोच रखें तो हमको सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है । वह विपरीत परिस्थितियों को भी हम अनुकूल बना सकते हैं । अतः हमारी दृष्टि कभी भी नकारात्मक न हो ।नकारात्मक सोच मनुष्य को मन व शरीर से निर्बल बना देती है । वहीं सकारात्मक सोच के बगैर व्यक्ति सामर्थ्यहीन हो जाता है। सबका देखने का नज़रिया अलग-अलग होता है। किसी को चांद की चांदनी रात सुहावनी लगती है तो किसी को चांद में धब्बा नज़र आता है। किसान भाईयों को वर्षांत बहुत अच्छी लगती है ताकि उनके खेतों में फसल अच्छी हो,वंहि दूसरी और शहर वासीयों को वर्षांत बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगती हैं । वह इसका कारण रास्ते जाम और सड़कों पर पानी का भराव आदि - आदि । वह जो धूप स्नान करते हैं उन्हें गर्मी बहुत अच्छी लगती है वंहि जिसका गर्मी के मारे पसीना बहता है उन्हें गर्मी बहुत ख़राब लगती है। पर्वतारोहियों को पहाड़ बहुत अच्छे लगते हैं तो किसी को चढ़ाई होने के कारण पहाड़ पर बसना ख़राब लगता है ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## रामपुर में रफ्तार धीमी पड़ते ही कूदकर भागे, पीड़ित दिल्ली जा रहे थे

# चलती ट्रेन में फायरिंग, 2 कर्मचारियों से 7 लाख लूटे

**डकैती**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रामपुर । यूपी के रामपुर में बुधवार सुबह 10 बजे चलती संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन में दो बदमाशों ने तमंचा और पिस्टल दिखकर दो कर्मचारियों से 7 लाख रुपए लूट लिए। पीड़ित उत्तराखंड के रहने वाले हैं। वे कारोबारी की दुकान के लिए ऑटोमोबाइल का सामान खरीदने दिल्ली जा रहे थे। आरोप है कि बदमाश पहले से ही ट्रेन में सवार थे। ट्रेन जैसे ही बिलासपुर के नजदीक धीमी हुई, बदमाशों ने दोनों कर्मचारियों को घेर लिया। उन्होंने दोनों कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लिया और उनसे लगभग 7 लाख रुपए लूट लिए। मौत का डर दिखाकर बदमाशों ने कर्मचारियों की कमर से नोटों से भरी बेल्ट छीन ली। वारदात को अंजाम देने के बाद, बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की और चलती ट्रेन से छलांग लगाकर भाग गए। घटना के बाद पूरी ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। लूट की खबर मिलते ही रुद्रपुर के व्यापारियों में भारी रोष फैल गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी रेलवे स्टेशन पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। व्यापारियों ने आरपीएफ चौकी प्रभारी संतोष कुमार मीणा से मुलाकात कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। घटना की सूचना पर रुद्रपुर और रामपुर की जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने पीड़ितों से पूछताछ की, घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला।



सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर पड़ताल की है।

**आरोप है कि भागते समय बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। इसके बाद बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए। यह घटना बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई।**

### व्यापार मंडल बोला- आरपीएफ जल्दी कार्रवाई करें

घटना की सूचना मिलते ही रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर व्यापारियों की भीड़ जमा हो गई। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पीड़ितों से मुलाकात की।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने आरपीएफ से मिलकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की तलाश में आसपास के क्षेत्रों में लगातार दबिश दी जा रही है।



### सुबह दिल्ली के लिए रवाना हुए थे

ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर की सिंह कॉलोनी स्थित जपनीत ऑटो के कर्मचारी रितिक मंडल और साहिब सिंह ऑटोमोबाइल का सामान खरीदने दिल्ली जा रहे थे। दोनों बुधवार सुबह रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। उन्हें दिल्ली से ऑटोमोबाइल का सामान खरीदना था, जिसके लिए वे नकदी लेकर जा रहे थे। सुरक्षा के लिहाज से दोनों कर्मचारियों ने 7 लाख की नकदी अपनी कमर में बेल्ट के जरिए बांध रखी थी। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को पहले से ही इस बड़ी रकम की भनक लग गई थी और वे रेकी करते हुए उसी ट्रेन में सवार हो गए। जैसे ही संपर्क क्रांति एक्सप्रेस उत्तर प्रदेश के बिलासपुर रोड स्टेशन के नजदीक पहुंची, ट्रेन की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान तीन बदमाशों ने रितिक और साहिब सिंह को घेर लिया। बदमाशों ने उनके सिर पर तमंचा और पिस्टल तान दी, जिससे कर्मचारी बुरी तरह दहशत में आ गए।

# वृंदावन हादसे को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

## मेयर व नगर आयुक्त पर लगाए गंभीर आरोप

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। वृंदावन में 10 अप्रैल को यमुना नदी में हुए हादसे के बाद मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने मेयर और नगर आयुक्त को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर और प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी पैदल मार्च करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मेयर विनोद अग्रवाल और नगर आयुक्त जग प्रवेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद ने आरोप लगाया कि यमुना में हुए हादसे के लिए नगर निगम प्रशासन की लापरवाही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी, जिसके कारण यह दुखद घटना हुई।



उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन ने वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष नाविक को जेल भेज दिया। साथ ही कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है और अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### मुरादाबाद में गेहूं के लिए भाई ने भाई को मारा

मुरादाबाद। मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गेहूं की फसल काटने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। आरोप है कि मृतक के सगे भाई और भतीजों ने लाठी-डंडों व दराती से हमला किया। इस हमले में मृतक की पत्नी और सास भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाराबंकी में बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। दानपुरवा निवासी 60 वर्षीय अशोक कुमार सूरतगंज कस्बे में घरेलू काम से आए थे। इसी दौरान ग्रामीण बैंक के पास उनकी साइकिल को एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल बुजुर्ग को तुरंत एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। हालांकि, हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सूरतगंज ले जाया गया।

### सरयू नदी पर पीपा पुल तैयार

बाराबंकी। बाराबंकी जिले की रामनगर तहसील में सरयू नदी पर बना अस्थायी पीपा पुल अब पूरी तरह तैयार है। इस पुल पर हल्के वाहनों का आवागमन कल से शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग (PWD) के अधिकारियों ने पुल निर्माण पूरा होने के बाद मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

यह पीपा पुल लगभग 6 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है ।

## शोषित, वंचित, पिछड़ों व महिलाओं को अधिकार दिलाने में डॉ. अंबेडकर की अहम भूमिका



**तमसा संकेत, संवाददाता**

बलदेव (मथुरा)। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज दघेटा, बलदेव के पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए एक विचारगोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "शोषित, वंचित, पिछड़ों एवं महिलाओं के उत्थान में डॉ. अंबेडकर का योगदान" रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश यादव द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और समाज सुधार में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

सेमिनार में विद्यार्थियों ने उत्साह-पूर्वक भाग लिया। पार्थिव शुक्ला ने शिक्षा के प्रति डॉ. अंबेडकर की सोच पर अपने विचार रखे, वहीं कुमारी डॉली ने महिलाओं के अधिकारों एवं उनकी स्थिति में सुधार को लेकर डॉ. अंबेडकर के योगदान को प्रस्तुत किया।

## गलत वीडियो पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का आरोप, 2 दिन बाद फैक्ट्रियां खुलीं, फोर्स तैनात

# नोएडा बवाल : आरजेडी की 2 महिला प्रवक्ताओं पर एफआईआर

**नोएडा में बवाल के बाद 7 थानों में 1800 से अधिक लोगों और 4 हैंडलर्स पर केस दर्ज किया गया है।**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नोएडा। नोएडा में 2 दिन हुए बवाल के बाद आज यानी बुधवार को फैक्ट्रियां खुल गई हैं। हालात सामान्य हैं। जगह-जगह फोर्स तैनात है। CCTV और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। 16 कंपनी RAF और पीएसी लगाई गई है। नोएडा सेक्टर 63, 84, 85, 80, फेस 2 में पुलिस ने फ्लैगमार्च किया।

कंपनियों के बाहर सैलरी हाईक के नोटिस चस्पा किए गए हैं।





हालांकि, कुछ कंपनियों में आज छुट्टी कर दी गई है। कंपनियों ने बाहर नोटिस चिपकाकर कर्मचारियों को बताया गया कि आज कंपनी बंद रहेगी। कल के लिए सूचना आपको पहले से ही दे दी जाएगी। इस बीच, नोएडा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में राजद की दो महिला प्रवक्ताओं कंचना यादव और प्रियंका भारती पर FIR दर्ज की गई है। आरोप है कि दोनों ने सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने की कोशिश की। कानून-व्यवस्था और पुलिस कर छवि खराब करने का प्रयास किया। डीएम मेधा रुपम ने कहा-अगर कोई आउटसोर्सिंग एजेंसी या उसका कर्मचारी गड़बड़ी या उपद्रव करता है तो उसकी जिम्मेदारी एजेंसी की भी होगी। ऐसी स्थिति में एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। उसका लाइसेंस भी रद्द हो सकता है।

### आगरा में मजदूरों को भड़काने की साजिश, पुलिस ने एक को पकड़ा

नोएडा में हुए उपद्रव के बाद आगरा पुलिस अलर्ट पर है। लोकल इंटेलीजेंस यूनिट की रिपोर्ट पर सिकंदरा पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन अटल के अमित चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सोमवार को नोएडा में मजदूरों के हंगामे के बाद सिकंदरा के औद्योगिक क्षेत्र में अमित अपने साथियों के साथ मजदूरों को भड़काने का प्रयास कर रहा था। उकसा कर प्रदर्शन करने और फैक्ट्रियों में काम बंद कराने का प्रयास कर रहा था।



### अनुषी तिवारी और मीर इलयासी पर भी एफआईआर

नोएडा के थाना सेक्टर-20 में सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश पोस्ट करने के मामले में अनुषी तिवारी और मीर इलयासी पर FIR दर्ज की गई है। पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों कांग्रेस पार्टी से जुड़े हो सकते हैं।

पुलिस के मुताबिक, दोनों ने पोस्ट किया था कि नोएडा में पुलिस की गोली से 14 लोगों की मौत हो गई और 32 लोग घायल हो गए। इससे नोएडा में माहौल बिगड़ गया। तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं।

# झांकियों के साथ धूमधाम से निकली डॉ. भीमराव अंबेडकर शोभायात्रा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर जनपद के कस्बा शेरगढ़ में भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में आधा दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, डीजे और पैदल दल शामिल रहे, जिसने पूरे कस्बे का माहौल उत्सवमय बना दिया। शोभायात्रा गाड़ी रोड से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर बगीची गाड़ी रोड पर संपन्न हुई। इस दौरान कस्बे में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। श्री राम सेवा समिति के सदस्य, युवा व्यापारी एवं समाजसेवी लोकेश गर्ग, गिरीश तिवारी, दीपक बंसल, कपिल गर्ग, चाहत गोयल सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। इसके अलावा श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति, ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, गुर्जर समाज एवं चेयरमैन कपिल प्रताप द्वारा भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज शर्मा (प्रधान प्रतिनिधि, शेरगढ़) उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामबाबू सिंह (प्रधान, ग्राम पंचायत बेहटा), बुधीराम बौद्ध, राष्ट्रीय कवि नेत्रपाल बृजवासी, भन्ते प्रज्ञा उदय (प्रज्ञा बौद्ध विहार) सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में यशवंत कर्दम, राम सिंह प्रधान, चंदू मौर्य, कन्हैया लाल, अशोक, चंद्रभान नेताजी, वीर सिंह मास्टर, धर्मवीर सिंह, पप्पू प्रधान, इंद्रपाल सागर, चरणदास, चंद्रपाल, दानवीर सिंह बौद्ध, विजेंद्र सागर, विष्णु मेंबर, कालीचरण, लक्ष्मण सिंह, केदार, राजवीर मैनेजर, अमर सिंह मास्टर, दिनेश, जोगिंदर सिंह, गंगा मेहराम सहित सैकड़ों की संख्या में जाटव समाज के लोग उपस्थित रहे।



शोभायात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

### एमडीए जेई ने मजदूरों की हड्डियां तोड़ीं, एफआईआर नहीं लिखी

मुरादाबाद। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता द्वारा मजदूरों पर लाठियां बरसाकर उनकी हड्डियां तोड़ देने का मामला अफसरों ने जांच के बहाने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। मुरादाबाद के कमिश्नर और एमडीए बोर्ड के अध्यक्ष आन्जनेय सिंह ने मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दावा किया था, लेकिन घटना के 50 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपी जेई के खिलाफ FIR तक दर्ज नहीं की है। हालांकि, कमिश्नर के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ ने मौके पर जाकर जांच जरूर की थी। पीड़ित मजदूरों से लेकर आरोपी जेई तक के बयान दर्ज किए गए थे। लेकिन आपराधिक कृत्य होने के बावजूद मामले में पुलिस की ओर से अभी तक प्राथमिकी दर्ज नही की गई है। सूत्रों का कहना है कि सीनियर प्रशासनिक अफसरों के निर्देश पर जेई को कार्रवाई से बचाया जा रहा है।

# ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी का 25वां समर्पण दिवस धूमधाम से मनाया

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बलदेव (मथुरा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के "प्रभु प्रिय धाम" केंद्र पर सहज राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी के समर्पित जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर "25वां समर्पण दिवस" बड़े ही हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं केक काटकर की गई।

इस अवसर पर सीमा दीदी के समर्पण, त्याग, तपस्या और सादगीपूर्ण जीवन की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में इस प्रकार का पूर्ण समर्पित जीवन अत्यंत दुर्लभ है। दीदी ने अपने तन, मन, धन और समय को विश्व कल्याण के लिए समर्पित कर अनेक आत्माओं के जीवन को दिशा दी है। उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार, मातृवत स्नेह और गुरु के समान मार्गदर्शन ने सभी के जीवन को प्रेरित किया है।



अपने अनुभव साझा करते हुए सीमा दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव की संगिनी बनकर जो आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हुई है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में कानपुर से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी डॉ. अल्का दीदी ने समर्पण का महत्व बताते हुए कहा कि सच्चा समर्पण मन, वचन और कर्म से भगवान की श्रीमत पर चलना है। उन्होंने कहा कि ऐसे महान संस्कार देने वाले माता-पिता धन्य हैं, जिनकी संतान समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही है। मथुरा से आए बी.के. विनोद भाई ने अपने मधुर भजनों से सभी को प्रभु प्रेम में भाव-विभोर कर दिया। बी.के. रेनू बहन ने तिलक, पटका एवं शब्दों के माध्यम से सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।

इस दौरान रेखा बहन का 11वां अलौकिक जन्मदिवस भी मनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सीमा दीदी को शुभकामनाएं, आशीर्वाद एवं उपहार भेंट किए।

# डीएम के हस्तक्षेप से टूटा 35 वर्षों से अधिक का इंतज़ार

## जिलाधिकारी का जनता दर्शन बना प्रभावी मंच

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। जिलाधिकारी बाराबंकी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त एवं परिणामोन्मुखी मंच बनता जा रहा है, जहां प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उसका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनसुनवाई में प्रस्तुत पहला प्रकरण ग्राम गोबरहा (गौरसादिकपुर) परगना देवा, तहसील नवाबगंज निवासी श्रीमती तारावती उर्फ लीलावती से संबंधित था, जो विगत 35 वर्षों से चकबन्दी न्यायालय में लंबित चला आ रहा था।आवेदिका द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्षों से प्रकरण लंबित होने के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित पीठासीन अधिकारी चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम को तलब कर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में अधिकारी द्वारा त्वरित सुनवाई करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया, जिससे वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो सका। इसी क्रम में दूसरा प्रकरण सुनील कुमार गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुमार सोनी एवं ओमप्रकाश गुप्ता, निवासी ग्राम अनवारी, परगना कुर्सी, तहसील फतेहपुर से संबंधित था, जिसमें आवेदकों के प्लाट पर वर्ष 2024 से भूमि कब्जेदारी का मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जनसुनवाई में प्रकरण प्रस्तुत होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए धारा 134 वाद के अंतर्गत कब्जा दिलाया गया, जिससे आवेदकों को राहत प्राप्त हुई। दोनों ही प्रकरणों में शीघ्र निस्तारण से संतुष्ट आवेदकगण ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आभार व्यक्त किया तथा जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना की।



## विरोध : पुलिस से धक्का-मुक्की, नोकझोंक, परशुराम चौक पर नीला झंडा लगाने पर भड़के

# आगरा में 200 ब्राह्मण सड़क पर उतरे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा के परशुराम चौक पर अंबेडकर जयंती पर नीला झंडा फहराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को भगवान परशुराम की तस्वीर लेकर ब्राह्मण समाज के 200 से अधिक लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी वहां पहुंचीं।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की, तो तीखी नोकझोंक हुई। छीना-झपटी के दौरान परशुराम की तस्वीर टूट गई और कई प्रदर्शनकारियों के कपड़े भी फट गए। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने 'पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल यश भारद्वाज ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके साथ अभद्रता की और उनके भगवान की तस्वीर तोड़ दी। उन्होंने कहा कि वे लोग परशुराम चौक को शुद्ध करने के लिए अभिषेक करने जा रहे थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक पुलिस भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष को गिरफ्तार नहीं करती, तब तक वे वहां से नहीं हटेंगे। उधर, प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कमिश्नर ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वहां पर परशुराम चौकी का निर्माण किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे से चल रहे धरने को समाप्त करने का ऐलान किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है, तो वे फिर से प्रदर्शन करेंगे।



### अंबेडकर जयंती पर परशुराम चौक पर नीला झंडा लगाने का आरोप

दरअसल, 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर आगरा में शोभायात्रा निकाली गई थी। आरोप है कि आवास विकास कॉलोनी स्थित परशुराम चौक पर भीम आर्मी के लोगों ने नीला झंडा लगा दिया। यह भी आरोप है कि शोभायात्रा में शामिल कुछ युवक जूते-चप्पल पहनकर परशुराम चौक पर चढ़ गए, फरसा हटाने की कोशिश की और वहां नीला झंडा लगा दिया।

इस घटना के बाद ब्राह्मण समाज के लोग मंगलवार देर शाम मौके पर पहुंच गए और भगवान परशुराम व ब्राह्मण समाज के अपमान का आरोप लगाते हुए नारेबाजी और प्रदर्शन करने लगे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें समझाकर वापस लौटा दिया था, लेकिन बुधवार सुबह एक बार फिर धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया।



**धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी बोले- हमारे भगवान का अपमान हुआ। अब हम ऐसे नहीं मानेंगे। पुलिस इंसाफ करे।**

## कहा- मेरा कोई दोष नहीं था, तोड़-मरोड़ के पेश किया गया, महाभियोग प्रस्ताव एक साल से राज्यसभा में लटका पड़ा

# 'कठमुल्ला' कहने वाले जज रिटायरमेंट पर हुए भावुक

**समारोह**

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव आज रिटायर हो गए हैं। फुल कोर्ट रेफरेंस चीफ जस्टिस (मुख्य न्यायाधीश) की कोर्ट में शाम 4 बजे रखा गया था। इसमें हाईकोर्ट के सभी जजों के अलावा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्य तथा हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी शामिल हुए।

उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पिछले करीब एक साल से राज्यसभा में लटका पड़ा है। उनके रिटायरमेंट के साथ ही महाभियोग प्रस्ताव खत्म हो जाएगा। इस दौरान न्यायमूर्ति




1 सितंबर, 2021 को जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहा था कि वैज्ञानिकों का मानना है कि गाय ही एकमात्र जानवर है, जो ऑक्सीजन छोड़ती है।

शेखर यादव ने भावुक होकर कहा-मेरी कोई गलती नहीं थी। उसमें मुझे आपका साथ मिला। न मिलता तो मैं टूट चुका होता। मेरा कोई दोष नहीं था। तोड़-मरोड़ के पेश करने वालों का था।

वहीं जस्टिस शेखर कुमार यादव 8 दिसंबर, 2024 को प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के लीगल सेल के एक कार्यक्रम में 'कठमुल्ला' शब्द का प्रयोग किया था, कहा था- मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं कि यह हिंदुस्तान है और यह देश यहां रहने वाले बहुसंख्यकों की इच्छा से चलेगा।

> जस्टिस शेखर के इस बयान की काफी आलोचना हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस शेखर से स्पष्टीकरण भी मांगा था। उनसे कहा गया था कि आप खेद प्रकट कर दीजिए, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया था और कहा था कि उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं बोला है।



### तीन तलाक के अधिकार का दावा नहीं कर सकते

मुस्लिम समुदाय का नाम लिए बगैर जस्टिस शेखर यादव ने कहा था- आप उस महिला का अपमान नहीं कर सकते, जिसे हमारे शास्त्रों और वेदों में देवी की मान्यता दी गई है। आप चार पत्नियां रखने, हलाला करने या तीन तलाक के अधिकार का दावा नहीं कर सकते। अगर आप कहते हैं कि हमारा पर्सनल लॉ इसकी अनुमति देता है, तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। आप कहते हैं, हमें तीन तलाक देने और महिलाओं को भरण-पोषण न देने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार काम नहीं करेगा।

लेकिन, यह जो कठमुल्ला है, यह सही शब्द नहीं है। लेकिन कहने में परहेज नहीं है, क्योंकि वह देश के लिए बुरा है। घातक है, देश के खिलाफ है। जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा में 13 दिसंबर 2024 को लाया गया था। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के 55 सांसदों के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर थे, जो आवश्यक 50 सांसदों की संख्या से अधिक है। लेकिन प्रस्ताव पर राज्यसभा के महासचिव की तरफ से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसलिए प्रस्ताव अभी भी राज्यसभा में लंबित है, लेकिन इससे पहले ही जस्टिस यादव रिटायर हो रहे हैं।

### हाईकोर्ट में विदाई समारोह होगा

जस्टिस यादव के रिटायरमेंट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफरेंस आयोजित किया जाएगा। फुल कोर्ट रेफरेंस बुधवार को चीफ जस्टिस की कोर्ट में दोपहर 3.45 पर रखा गया है।

इसमें हाईकोर्ट के सभी जजों के अलावा बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सदस्य और हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी शामिल होंगे। हाईकोर्ट की तरफ से सभी को शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है। जस्टिस यादव ने 12 दिसंबर 2019 को हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी और 26 मार्च 2021 को उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार कार्यक्रम का आयोजन



तमसा संकेत, संवाददाता

देवगनपुरा। राजकीय मॉडल महाविद्यालय, देवगनपुरा में शासन के निर्देशानुसार छात्राओ द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम- प्रचार अभियान' कार्यक्रम के अंतर्गत एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया।

आज के कार्यक्रम में विशुद्ध रूप से नारी शक्ति की सहभागिता रही। प्राचार्य डा.आशुतोष शर्मा ने महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। आगामी दिनों में नारी शक्ति पदयात्रा कार्यक्रम की योजना पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक एवं मिशन शक्ति प्रभारी डा रावेन्द्र सिंह द्वारा कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में अनेक छात्राओं के साथ मो. फ़ैज़, दिनेश सिंह समेत समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

**फास्ट न्यूज**

### किसान आईडी अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण

गाजीपुर। गाजीपुर जनपद में फार्मर रजिस्ट्री (किसान आईडी) बनाने का विशेष अभियान तेजी से जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने ग्राम पंचायत फतेउ-ल्लाहपुर और सहेड़ी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत सचिव और लेखपाल से मृतक एवं भूमिहीन किसानों का विवरण मांगा और फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

### 300 शादियों में पहुंचाए सिलेंडर

कानपुर। अगर आपके घर में भी शादी है तो अब सिलेंडर की किल्लत की टेंशन छोड़ दीजिए। बस आपको शादी का कार्ड और एप्लीकेशन के साथ जिलापूर्ति कार्यालय कचहरी के सामने ऑफिस में देना है। 24 घंटे के भीतर आपके घर पर सिलेंडर पहुंच जाएगा या फिर जाकर ले सकते हैं। इस पूरी व्यवस्था को देखने के लिए जिलापूर्ति कार्यालय में विशेष आपूर्ति लिपिक की तैनाती कर दी गई है। अब तक 300 से ज्यादा लोगों को एप्लीकेशन देते ही उनको शादी-ब्याह के लिए गैस सिलेंडर मुहैया कराया जा चुका है।

### आगरा में अग्निवीर भर्ती रैली

आगरा । आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के एडीजी मेजर जनरल मनीष कुमार ने एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती प्रक्रिया और तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एडीजी ने भर्ती स्थल पर मौजूद सुविधाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा पूर्वक किया माल्यार्पण



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा/बल्देव। भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समरसता एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले, महान कानूनविद, अर्थशास्त्री एवं शिक्षाविद 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर विभिन्न संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बल्देव विधानसभा से मिशन 2027 के प्रत्याशी राजा सारस्वत (राजा हिंदुस्तानी टैक्सी ड्राइवर) ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समर्पण का प्रतीक है, जिसे अपनाकर ही समाज को सशक्त और समरस बनाया जा सकता है।

### गर्मी में गैंडा के लिए बनाया कीचड़ का तालाब

कानपुर। कानपुर में बढ़ती गर्मी का असर अब चिड़ियाघर के बेजुबान जानवरों पर भी दिखने लगा है। भीषण तपिश से राहत दिलाने के लिए कानपुर चिड़ियाघर प्रशासन ने खास इंतजाम किए हैं। गैंडे के लिए कीचड़ का तालाब तैयार किया गया है, जबकि हिरन और शेरों के बाड़ों में पानी की फुहारों के जरिए ठंडक पहुंचाई जा रही है। भारी-भरकम शरीर वाले राइनो को गर्मी सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। इसे देखते हुए जू प्रबंधन ने उनके बाड़े में मड बाथ की व्यवस्था की है, जहां गैंडा कीचड़ में लोटकर खुद को ठंडा रखता है। विशेषज्ञ डॉ. नासिर के अनुसार, गीली मिट्टी शरीर पर चिपककर एक सुरक्षात्मक परत बना देती है, जिससे गैंडे का तापमान लंबे समय तक नियंत्रित रहता है और उसे गर्मी से राहत मिलती है।

हिरणों को राहत देने के लिए उनके बाड़े में पानी का फ्लो बढ़ा दिया गया है। वॉटर टैंकों में लगातार ताजा पानी भरा जा रहा है, जिससे वे ठंडक महसूस कर सकें।

# कुलपति डॉ. जे.पी. पांडेय देंगे 451 विद्यार्थियों को डिग्रियां

# आईपीईसी में 'यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री महाकुंभ' व भव्य दीक्षांत समारोह

तमसा संकेत, संवाददाता

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) में 17 अप्रैल को शैक्षणिक उत्कृष्टता और औद्योगिक समन्वय का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू), लखनऊ के सहयोग से आयोजित यूनिवर्सिटी–इंडस्ट्री मीट एवं दीक्षांत समारोह 2026 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सेतु निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

कार्यक्रम में एकेटीयू के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ. जे.पी. पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और




विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के सेंट्रल रिसर्च लैबोरेट्री के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप कुमार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग जगत के अनुभव साझा करेंगे।

प्रेस वार्ता में कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच मौजूद अंतर को कम करना, नवाचार को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स भी उतनी ही आवश्यक हैं, और यही इस मीट का मुख्य फोकस रहेगा।

**66 मेधावियों को मेडल व 4.15 लाख के नकद पुरस्कार**

### 100 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों की मौजूदगी

कार्यक्रम की विशेषता यह भी होगी कि संस्थान के 50 से अधिक सफल पूर्व छात्र, जो वर्तमान में अपने-अपने स्टार्टअप स्थापित कर चुके हैं, युवा विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। करीब 100 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों की मौजूदगी में कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ. जे.पी. पांडेय के साथ संवाद सत्र आयोजित होगा, जिसमें इंडस्ट्री की वास्तविक चुनौतियों पर चर्चा कर उनके व्यावहारिक समाधान तलाशे जाएंगे। दीक्षांत समारोह में कुल 451 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 168, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के 103, डाटा साइंस के 66, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 102 छात्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 66 मेधावी छात्रों को मेडल से सम्मानित किया जाएगा और लगभग 4.15 लाख की नकद पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी।

# दुकान के अंदर लड़की की लाश मिली

## 3 दिन से शॉप में बंद पड़ी थी बॉडी, भाई बोले- शादी की कर रहे थे तैयारी

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में बंद दुकान के अंदर 32 साल की युवती गंगोत्री यादव (32) की सड़ी लाश मिली। बदबू आने पर आस-पास के दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। कैंट पुलिस ने दुकान का शटर उठाकर अंदर प्रवेश किया तो केबिन में सड़ी हुई युवती की लाश पड़ी थी।

मौके पर पहुंचे युवती के भाई रमेश ने कहा- 3 भाइयों में सबसे छोटी थी। हम उसकी शादी की तैयारी कर रहे थे। युवती गोलघर इलाके के जिला पंचायत भवन के पास YES XYZ नाम से दुकान चलाती थी। अनिल नाम के लड़का भी उसके साथ 8 साल से काम कर रहा था।

गंगोत्री यादव तीन भाइयों में सबसे छोटी थीं। बड़े भाई रमेश यादव ने बताया कि गंगोत्री पढ़ने में बहुत तेज थी। वह 10 साल से गोरखपुर के गोरखनाथ थाना क्षेत्र में कौड़िहवा में एक घर में किराए के कमरा लेकर रहती थी।




गंगोत्री यादव, मृतक

> दुकान के संचालक ने बताया- दुकान मेरे माता जी के नाम से थे। एक से डेढ़ साल पहले महाराजगंज की युवती ने किराए पर लिया था। आज दुकान से बदबू आने की सूचना मिली तो मैं यहां पहुंचा। पता चला दुकान चलाने वाली युवती का शव था।



### दुकान पहुंचा तो बदबू आ रही थी

भाई रमेश यादव ने बताया- रविवार को मैं दुकान पर आया था और गंगोत्री से मिला था। तब तक सब कुछ ठीक था। सोमवार को कई बार कॉल करने पर भी बहन का फोन नहीं उठा। तब घर पर सभी लोग परेशान हो गए। मैं घर गया लेकिन वह नहीं मिली। मैंने भाइयों को कॉल करके पूरी बात बताई। छोटे भाई उमाकांत और श्रीकांत भी महराजगंज से गोरखपुर पहुंचे। इसी बीच छोटा भाई श्रीकांत बुधवार को दुकान पर पहुंचा। लेकिन दुकान बंद थी। लेकिन वहां काफी बदबू आ रही थी। दुकान में ताला नहीं लगा था। तेज बदबू की वजह से आसपास के दुकानदार भी सड़क पर आ गए। उन्होंने तत्काल कैंट पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर बंद दुकान का शटर उठाया तो अंदर केबिन में गंगोत्री की लाश पड़ी थी। लाश पूरी तरह सड़ गई थी। उससे पानी निकल रहा था। पुलिस ने अनिल से संपर्क करने की कोशिश की। उसके फोन पर कॉल करने पर घंटी जा रही थी। लेकिन उसने कॉल रिसीव करके मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद पुलिस अनिल के घर जाकर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बाइक की झड़प लगने से साइकिल सवार की मौत





तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। थाना क्षेत्र में बाइक की झड़प लगने से एक साइकिल सवार बुजुर्ग गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं राहगीरों ने पहले उसे निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया। लेकिन उसकी स्थिति नाजुक देखकर आनन फानन में सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस जांच पड़ताड़ में जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना के दानपुरवा निवासी 60 वर्षीय अशोक कुमार घरेलू काम से सूरतगंज कस्बा आए थे। ग्रामीण बैंक के पास मोटरसाइ-किल की झड़प साइकिल में लग गई। साइकिल सवार सड़क पर जा गिरा, और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को राहगीरों ने पहले पास के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं स्थिति बिगाड़ते देख उन्हें सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया। जहां डा. शेख रिजवान ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर सूरतगंज चौकी इंचार्ज उमेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके और आगे की विधिक कार्रवाई की जा सके।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 50 से ज्यादा ...

अभी भी दर्जनों गैस सिलेंडर नालियों में पड़े हैं। DM विशाख जी ने कहा- आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। प्रभावित परिवारों को रैन बसेरों में शिफ्ट किया जा रहा है।

झुग्गी-बस्ती में रहने वाली पूजा ने बताया- आज पास में ही रहने वाली मेरी जेठानी के बेटे की शादी थी। बारात जाने वाली थी। इससे पहले ही आग लग गई। घर और शादी का सारा सामान जल गया। किसी तरीके से हम लोगों की जान बच गई। जहां पर आग लगी है, लोगों का कहना है कि वह जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) की है। इसका किसानों से मुआवजे को लेकर मुकदमा चल रहा है। यहां पर अधिकतर लोग मजदूरी, कूड़ा बीनने का काम करते हैं। इसमें असम के रहने वाले लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। विकास नगर झुग्गी-झोपड़ी में आग लगने के बाद नाराज लोग प्लॉट मालिक के घर के बाहर हंगामा कर दिया। महिलाओं ने कहा- पुलिस वाले भइया, प्लॉट मालिक ने झुग्गी-झोपड़ी खाली करने की धमकी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्लॉट मालिक ने ही आग लगवाई है।

### मेलोनी जंग में साथ...

उन्होंने कहा कि जो देश ईरान मामले में अमेरिका का साथ नहीं देते, उनके साथ संबंध कमजोर पड़ते हैं।

इस बीच अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था।

ईरान ने दुनिया 3 अहम समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी दी है। उसने कहा है कि अगर अमेरिका ने होर्मुज और उसके बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी, तो वह रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ में समुद्री व्यापार पूरी तरह रोक देगा।

ईरानी सेना के केंद्रीय कमांड सेंटर प्रमुख अली अब्दोल्लाही ने कहा कि अमेरिकी पाबंदियां और ईरानी जहाजों व तेल टैंकरों की सुरक्षा को खतरे में डालने की कोशिशें उकसावे की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करेगा।

अमेरिका ने सोमवार से ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रखी है। यह कदम पाकिस्तान में हुई करीब 21 घंटे की अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल रहने के बाद उठाया गया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तेहरान में पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमं-डल का स्वागत किया।

### विपक्ष महिला आरक्षण ...

इनमें संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 शामिल हैं। सरकार का प्रस्ताव लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना है। इनमें करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

राहुल गांधी ने कहा- सरकार अब जो प्रस्ताव ला रही है, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। यह संशोधन, परिसीमन और चुनावी क्षेत्रों के मनमाने फेरबदल के जरिए सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश है। हम OBC, दलित और आदिवासियों के हिस्से की चोरी नहीं होने देंगे। साथ ही, हम दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी और छोटे राज्यों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे। DMK के टी आर बालू ने कहा- 2023 में पारित विधेयक को उसकी मूल भावना के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। TVK अध्यक्ष विजय ने कहा, ₹परिसीमन केंद्र सरकार की तरफ से उठाया गया एक पक्षपातपूर्ण कदम है। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026' पारित हो जाता है तो दक्षिणी और उत्तरी राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व में आनुपातिक अंतर काफी बढ़ जाएगा।

### हिम्मत है तो मेरी ...

कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। बंगाल में दो फेज में वोटिंग होगी। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा।

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बीच TMC ने चुनाव आयोग (EC) पर पक्षपात का आरोप और तेज कर दिया है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि उसके नेताओं को निशाना बनाकर उनकी गाड़ियों की जांच कराई जा रही है।

इसी बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी दावा किया कि बुधवार को कोलकाता एयरपोर्ट जाते समय केंद्रीय बलों ने उनकी गाड़ी की जांच करने की कोशिश की। उन्होंने कहा—अगर हिम्मत है तो रोज मेरी गाड़ी चेक करें।

पार्टी ने आरोप लगाया है कि यह सब चुनाव आयोग के निर्देश पर हो रहा है और यह "मोटिवेटेड कैंपेन" का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- कांग्रेस, टीएमसी और कम्युनिस्ट पार्टियां आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टियां हैं। जब वे सत्ता में थीं, तब 10 वर्षों तक कई बम धमाके हुए। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद, जब उरी में हमला हुआ, तो उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक की; जब पुलवामा में हमला हुआ, तो उन्होंने हवाई हमला किया।

### 'टाटा केवल एक ...

टाटा केवल एक नाम नहीं यह एक विश्वास है, एक गुणवत्ता है।

महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MPIT) में बना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (TCS) के सहयोग से किया गया है। उद्घाटन अवसर पर 'एआई अवेयर-नेस फॉर आल' ट्रेनिंग वर्कशॉप का भी शुभारंभ होगा। इस वर्कशॉप में प्रतिभागियों की संख्या के लिहाज से विश्व कीर्तिमान रचने की भी तैयारी की गई है।

MPIT के निदेशक सुधीर अग्रवाल का कहना है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं (लैब्स) स्थापित की गई हैं। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लगभग 50 करोड़ रुपये से तैयार हुआ है।

### एआई आज के ...

तकनीक को खुद से जोड़कर जितना मजबूती से आगे बढ़ेंगे तो वह आपके हाथों का खिलौना बनेगी, कठिन नहीं लगेगी।

### टांडा में होर्डिंग विवाद...

कार्यक्रम के दौरान नगर की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित रही, जो बाद में बहाल कर दी गई।

पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही कहा गया है कि भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पंजाब सरकार ने ...

जानकारी के मुताबिक उन्हें जल्द केंद्रीय सुरक्षा मिल सकती है। तब तक उन्हें दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी दी जा सकती है। 2 हफ्ते पहले AAP ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी उपनेता के पद से हटाकर दूसरे सांसद अशोक मित्तल को यह पद दे दिया था। उसके बाद से ही AAP और राघव चड्ढा के बीच खूब बयानबाजी भी चली।

उपनेता पद से हटाया गयाः आम आदमी पार्टी ने 2 अप्रैल को राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पंजाब के सांसद अशोक मित्तल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। AAP ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया कि राघव चड्ढा को अब सदन में बोलने के लिए पार्टी कोटे से समय न दिया जाए।

राघव बोले- मुझे खामोश किया गया, हारा नहीं हूंः चड्ढा ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा- मुझे खामोश करवाया गया है, लेकिन मैं हारा नहीं हूं। जिन लोगों ने पार्लियामेंट में मेरे बोलने का अधिकार मुझसे छीन लिया, मुझे खामोश कर दिया, मैं उन्हें भी कुछ कहना चाहता हूं। मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना। मैं वो दरिया हूं, जो वक्त आने पर सैलाब बनता है।

### रघुवंशी-रहाणे के कैच ड्रॉप, नूर के 3 विकेट से पलटा मैच

# सैमसन का बैट छूटा त्यागी की बॉल पर बोल्ड हुए

**खेल**

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स ने IPL 2026 के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया। चेपॉक स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कई अहम मोमेंट्स रहे।

संजू सैमसन ने तेज शुरुआत की, लेकिन उनका बैट छूटा और बाद में कार्तिक त्यागी की गेंद पर बोल्ड हो गए। मैच में अंगकृष रघुवंशी और अजिंक्य रहाणे के आसान कैच छूटे और उन्हें जीवनदान मिला। नूर अहमद ने 3 विकेट लेकर मैच का



रुख चेन्नई की ओर मोड़ दिया। 7.3 ओवर में अकील हुसैन की गेंद पर अंगकृष रघुवंशी ने पुल शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही। लॉन्ग-ऑन पर डेवाल्ड ब्रेविस कैच के लिए दौड़े, लेकिन गेंद हाथ से लगकर बाउंड्री पार गई और सिक्स मिला। 9.2 ओवर में अकील की गेंद पर अजिंक्य रहाणे का कैच सरफराज खान ने छोड़ दिया। डीप मिड-विकेट से दौड़ते हुए सरफराज ने दोनों हाथों से कोशिश की, लेकिन गेंद छूट गई और रहाणे को जीवनदान मिला। नूर अहमद ने दो ओवर में 3 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 11वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए। 5वीं गेंद पर अजिंक्य रहाणे एक्स्ट्रा कवर पर ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों कैच आउट हुए। इसके साथ नूर ने IPL में अपने 50 विकेट पूरे किए। अगली ही गेंद पर कैमरन ग्रीन बिना खाता खोले बोल्ड हो गए।

**सैमसन का बैट छूटा**

8वें ओवर की 5वीं गेंद पर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर संजू सैमसन का बैट हाथ से छूट गया। पुल शॉट में पसीने से बैट फिसलकर मिड-विकेट की ओर गया। बॉल लॉन्ग ऑन की तरफ गई और बल्लेबाजों ने एक रन लिया।

**कार्तिक की 148 किमी/घंटा रफ्तार की गेंद पर संजू बोल्ड**

11.2 ओवर में कार्तिक त्यागी ने संजू सैमसन को 48 रन पर बोल्ड कर दिया। 148 किमी/घंटा की बॉल लेंथ पर पड़ी और अंदर आई। सैमसन बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन कनेक्ट नहीं कर सके और स्टंप्स बिखर गए।





**66** संजू सैमसन ने सीएसके की पारी के पहले ओवर में वैभव अरोरा की बॉल पर लगातार 3 चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और तीसरी बॉल बाउंड्री के बाहर भेजी।

**ऋतुराज से नरेन का कैच छूटा**

चौथे ओवर की दूसरी बॉल पर ऋतुराज गायकवाड से सुनील नरेन का कैच छूट गया। नरेन ने अंशुल कम्बोज की बॉल मिड ऑफ में खेली, लेकिन गायकवाड आसान कैच नहीं पकड़ सके। नरेन 24 रन बनाकर कैच आउट हुए।

# विजडन ने दीप्ति शर्मा को बेस्ट महिला क्रिकेटर चुना

### 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में गिल-जडेजा समेत 4 भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट की 'बाइबल' कही जाने वाली पत्रिका विजडन क्रिकेटर्स अल्मानैक ने इस साल ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को 'लीडिंग पुरुष क्रिकेटर' और भारत की दीप्ति शर्मा को 'लीडिंग महिला क्रिकेटर' चुना।

पत्रिका का 163वां संस्करण 15 अप्रैल को प्रकाशित होने जा रहा है। इस साल विजडन ने 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में 4 भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी।

इनमें टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। गिल को शानदार प्रदर्शन के लिए विजडन ट्रॉफी दी गई। उन्होंने एजबेस्टन टेस्ट में 430 रन बनाकर मैच जिताया था। अभिषेक शर्मा को साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20



खिलाड़ी चुना गया, जिन्होंने कैलेंडर ईयर में 1000 रन दो रन प्रति गेंद से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए।

स्टार्क ने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 टेस्ट में 55 विकेट लिए और वेस्टइंडीज के खिलाफ 6/9 का करियर बेस्ट प्रदर्शन किया। एशेज 2025-26 के पहले दो टेस्ट में 18 विकेट लेकर सीरीज में कुल 31 विकेट झटके।

इंग्लैंड के हसीब हमीद 'फाइव क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर' में शामिल हैं। उन्होंने नॉटिंघमशायर को काउंटी चैंपियनशिप जिताई और 1258 रन बनाए, जिसमें चार शतक और दो दोहरे शतक शामिल हैं।

# मारडोना की मौत मामले में फिर जांच शुरू हो रही

### मेडिकल टीम पर इलाज में लापरवाही के आरोप पहला ट्रायल रद्द हुआ था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फुटबॉल दिग्गज डिएगो माराडोना की मौत के मामले की जांच दोबारा मंगलवार से शुरू हो रहा है। उनकी मेडिकल टीम पर सही इलाज न देने और लापरवाही बरतने के आरोप हैं।

मई 2025 में शुरू हुआ पहला ट्रायल उस समय रद्द कर दिया गया था, जब एक जज पर कोर्ट में बिना अनुमति डॉक्यूमेंट्री शूट कराने का आरोप लगा। अब नए जजों के सामने सुनवाई शुरू होगी।

माराडोना को फुटबॉल इतिहास के महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने 1986 वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना को जीत दिलाई थी और 'हैंड ऑफ गॉड' गोल के लिए भी जाने जाते हैं। माराडोना की 25



नवंबर 2020 को 60 साल की उम्र में मौत हुई थी। वे ब्रेन ब्लड क्लॉट की सर्जरी के बाद घर पर रिकवर कर रहे थे। पोस्टमॉर्टम में दिल का दौरा और फेफड़ों में पानी भरने को मौत की वजह बताया गया। इस मामले में मेडिकल टीम के 7 सदस्य ट्रायल का सामना कर रहे हैं। इन पर 'कुलपेबल होमिसाइड' का केस दर्ज है। दोषी पाए जाने पर उन्हें 8 से 25 साल तक की सजा हो सकती है। जांच में सामने आया कि टीम को माराडोना की गंभीर हालत की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने जरूरी कदम नहीं उठाए।

मेडिकल एक्सपर्ट्स ने उनके इलाज को 'लापरवाह और अपर्याप्त' बताया। ट्रायल में करीब 100 गवाहों के बयान होंगे, जिनमें उनकी बेटियां भी शामिल हैं। यह सुनवाई जुलाई तक चल सकती है।

मैराडोना ने फुटबॉल करियर में 312 गोल किए। उन्होंने इंटरनेशनल करियर में 91 मैच खेले, जिसमें 34 गोल किए। मैराडोना बार्सिलोना, नेपोली, सेविला, नेवेल्स ओल्ड ब्यूऑयज और बोका जूनियर्स जैसे क्लब से खेल चुके हैं।

### चेन्नई के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते कार्रवाई, सीजन की पहली गलती

# केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख का जुर्माना

**चेन्नई, एजेंसी**

IPL 2026 के 22वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर स्लोओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान कोलकाता की टीम तय समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी। IPL की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण BCCI ने कप्तान पर यह एक्शन लिया है।

IPL के नियमों के अनुसार, हर टीम को 20 ओवर फेंकने के लिए एक निश्चित समय (डेढ़ घंटा या 90 मिनट, जिसमें रणनीतिक ब्रेक शामिल हैं) दिया जाता है। अगर



**आईपीएल नियमों के मुताबिक, अगर रहाणे की टीम सीजन में दूसरी बार स्लो ओवर रेट की गलती करती है, तो कप्तान पर 24 लाख रुपये और टीम के बाकी सदस्यों पर मैच फीस का 25% या 6 लाख रुपये (जो भी कम हो) जुर्माना लगेगा।**

पारी खत्म होने तक टीम निर्धारित समय से पीछे रहती है, तो इसे 'स्लो ओवर रेट' माना जाता है। फील्ड पर मौजूद अंपायर और मैच रेफरी इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। कप्तान की जिम्मेदारी होती है कि वह खेल की रफ्तार बनाए रखे। वहीं, तीसरी बार ऐसा होने पर कप्तान पर 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध भी लग सकता है।



**केकेआर का सीजन का यह पहला स्लोओवर रेट है**

मैच के बाद जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक,IPL की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सीजन का पहला अपराध था।

नियमों के अनुसार, सीजन की पहली गलती होने के कारण कप्तान अजिंक्य रहाणे पर केवल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया गया। अगर टीम दोबारा ऐसी गलती करती है, तो जुर्माने की रकम बढ़ जाएगी और टीम के अन्य खिलाड़ियों पर भी मैच फीस का जुर्माना लग सकता है।

## मनोरंजन


### नागिन 7 में की शूटिंग में टेली प्रॉम्पटर से डायलॉग पढ़ते दिखे, वीडियो वायरल, जमकर हुए ट्रोल

# भूत बंगला प्रमोट करने में हुई अक्षय कुमार की किरकिरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपकमिंग फिल्म भूत बंगला के प्रमोशन में व्यस्त चल रहे हैं। एक्टर फिल्म प्रमोट करने के लिए एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो नागिन 7 में कैमियो करते दिखे। हालांकि अब शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें अक्षय कुमार टेली प्रॉम्पटर की मदद से डायलॉग पढ़ते नजर आ रहे हैं।

नागिन 7 के वीकेंड में टेलीकास्ट किए गए एपिसोड में अक्षय कुमार ने नाग गुरू के रूम में कैमियो किया।



एपिसोड में वो नागिन बनीं एक्ट्रेस प्रियंका चहर को ड्रैगन यमन से लड़ने का सुझाव दे रहे हैं। अब एपिसोड का एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर एक्टर को जमकर ट्रोल किया जा रहा है। क्लिप में साफ देखा जा रहा है कि अक्षय कुमार अपने डायलॉग्स याद किए बिना ही टेली प्रॉम्पटर से पढ़ रहे हैं। उनकी आंखें प्रॉम्पटर के शब्दों को फॉलो करती हुई साफ दिखाई दीं।

**वहीं एक यूजर ने लिखा है, इस तरह आप एक साल में 4 फिल्में करते हैं**

बता दें कि अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल को रिलीज हो रही है, जिसे एकता कपूर ने अक्षय कुमार के साथ को-प्रोड्यूस किया है। यही वजह है कि एक्टर एकता के टेलीविजन शो में फिल्म प्रमोट करने पहुंचे हैं।

**"वीडियो सामने आने के बाद अक्षय को ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा, 30 साल के करियर के बाद भी अगर 60 साल का एक्टर डायलॉग याद न रखे, तो कुछ लोगों को यह अजीब या शर्मनाक लग सकता है। हालांकि, कई कलाकार काम की स्पीड और प्रैक्टिकल कारणों की वजह से टेलीप्रॉम्पटर का इस्तेमाल करते हैं।**



# धुरंधर 2 की तरह घातक निकली थी सनी देयोल की फिल्म

### 25 साल पहले हिला दिया था बॉक्स ऑफिस

नई दिल्ली। मौजूदा समय में बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 जबरदस्त कमाई से धमाल मचा रही है। ठीक इसी तरह 25 साल पहले दिग्गज अभिनेता सनी देओल की एक मूवी ने सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक तहलका मचाया था। 18 करोड़ के बजट में बनने वाली सनी देओल की उस मूवी ने ऐतिहासिक कमाई से हर किसी को हैरान कर दिया था। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस लेख में सनी की कौन सी पुरानी ब्लॉकबस्टर मूवी की बात की जा रही है। सुपरस्टार सनी देओल की जिस फिल्म को लेकर चर्चा की जा रही है, उसको लेकर काफी विवाद देखने को मिला था। एक समुदाय विषेश के लोगों ने मूवी को लेकर आपत्ति जताई और सिनेमाघरों में तोड़फोड़ भी देखने को मिली थी। लेकिन इनके बावजूद सनी की गदर- एक प्रेम कथा की सफलता नहीं रुकी। जी हां साल 2001 में आई गदर ने धुरंधर 2 की तरह धुआंधार कमाई की थी। निर्देशक अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनने वाली गदर- एक प्रेम कथा न सिर्फ सनी देओल के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है, बल्कि इसे हिंदी सिनेमा की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर में भी गिना जाता है। गदर ने अपने समय में दर्शकों के दिलों को बखूबी जीता था। तारा सिंह और सकीना की प्रेम कहानी ऑडियंस को काफी पसंद आई और दूसरी तरफ सनी देओल का दमदार एक्शन भी हर किसी का फेवरेट रहा।

# बॉक्स ऑफिस पर दिखेगा जॉन और हर्षवर्धन का दम



नई दिल्ली। अभिनेता जॉन अब्राहम के करियर की सबसे सफल फिल्मों के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें फोर्स और फोर्स 2 का नाम जरूर शामिल होगा। इस सक्सेसफुल मूवी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त यानी फोर्स 3 का एलान बीते साल मेकर्स की तरफ से किया गया था, जिसमें जॉन के साथ उनके अजीज दोस्त और एक्टर हर्षवर्धन राणे की झलक देखने को मिलेगी। अब फिल्म फोर्स 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि जॉन अब्राहम और हर्षवर्धन राणे की ये एक्शन पैकेड मूवी बड़े पर्दे पर कब रिलीज की जाएगी। लंबे समय से जॉन अब्राहम स्टारर फोर्स 3 को लेकर सुर्खियां तेज हैं। सुपरस्टार की इस मूवी को लेकर सिनेप्रेमियों की एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर है। हर्षवर्धन राणे की एंट्री के बाद से इस मूवी को लेकर बज और अधिक बढ़ गया है।

इस बीच फिल्म समीक्षक तरण आदर्श की तरफ से फोर्स 3 की रिलीज डेट को लेकर खुलासा किया गया है। तरण ने इस मामले को लेकर अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक लेटेस्ट ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है- जॉन अब्राहम और हर्षवर्धन राणे की अपकमिंग फिल्म फोर्स 3 की शूटिंग का काम जोरों से चल रहा है। मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी फाइनल कर ली है, जिसके आधार पर 19 मार्च 2027 को फोर्स 3 सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



### दीवाली के बाद रणबीर कपूर बॉक्स ऑफिस पर करेंगे रोशनी

# रामायण के बाद रणबीर करेंगे 425 करोड़ी फ्रेंचाइजी पर काम

नई दिल्ली। फैंस रणबीर कपूर को जल्द ही नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' में 'भगवान श्रीराम' की भूमिका में देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। इसी बीच बॉलीवुड के 'सांवरिया' के फैंस के लिए एक और एक्साइटिंग न्यूज है, जिसे सुनकर वे खुशी से उछल पड़ेंगे। रणबीर कपूर जल्द ही अपनी साल 2022 में रिलीज हुई सबसे सफल ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी फिल्म के अगले पार्ट पर काम शुरू करने वाले हैं। 'रामायण' के बाद रणबीर कपूर किस फिल्म पर काम करेंगे और उनका आगे का लाइनअप क्या है? गौरतलब है कि नमित मल्होत्रा की VFX कंपनी ने ही 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1' का शानदार वीएफएक्स किया था। उन्होंने ही इस फिल्म की प्रोग्रेस के बारे में भी हिंट दिया था। आपको बता दें कि 'ब्रह्मास्त्र' का पहला पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ था और इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 425 से 430 करोड़ रुपये के आसपास की शानदार कमाई की थी। रणबीर कपूर इन दिनों संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग के साथ-साथ अपनी आगामी महाकाव्य फिल्म 'रामायण' की तैयारियों और प्रमोशन में भी जुटे हुए हैं। रणबीर कपूर के पास साल 2026 और 2027 के लिए कई बड़े और मेगा-बजट प्रोजेक्ट्स हैं, जो उन्हें बॉक्स ऑफिस का 'किंग' बना सकते हैं। वह नितेश तिवारी की 'रामायण' सीरीज में नजर आएंगे। संजय लीला भंसाली की इस फिल्म में वह आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' के इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में वह संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में दोहरी भूमिका निभाएंगे।



**4 साल बाद शुरु होगी सफल फ्रेंचाइजी की शूटिंग**

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 1: शिवा' के निर्देशक अयान मुखर्जी की योजना इस फिल्म को तीन भागों में बनाने की थी। फिल्म का पहला भाग रिलीज हुए करीब चार साल हो गए हैं, हालांकि, अभी तक इसके दूसरे भाग पर काम शुरू नहीं हो पाया था। बीच-बीच में कभी रणबीर तो कभी अयान मुखर्जी फिल्म को लेकर दर्शकों को उम्मीदें देते रहते थे, लेकिन हाल-फिलहाल में 'ब्रह्मास्त्र 2' की शूटिंग शुरू होती नहीं दिख रही थी। बार-बार 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट 2' को लेकर सिर्फ अपडेट्स मिलना और फिल्म का ठंडे बस्ते में चले जाना फैंस को काफी निराश कर रहा था। हालांकि, अब रामायण के निर्माता नमित मल्होत्रा ने 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट 2' को लेकर फैंस की निराशा को दूर करते हुए यह कंफर्म कर दिया है कि 'ब्रह्मास्त्र' के अगले भाग पर काम 'रामायण' फिल्म की शूटिंग खत्म होने के तुरंत बाद शुरू होगा।

## सेंटकॉम का दावा- समुद्री व्यापार पूरी तरह ठप, वैश्विक ऊर्जा बाजार में दशकों का संकट गहराया

# यूएस सेना ने ईरान से जुड़े आठ तेल टैंकरों को रोका

**तनाव**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान के साथ जारी तनाव के बीच अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में सख्ती बढ़ा दी है। नाकेबंदी लागू होने के बाद अमेरिकी सेना ने ईरान से जुड़े कई तेल टैंकरों को रोक दिया, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल तेज हो गई है।

US सेंट्रल कमांड (CENT-COM) ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने होर्मुज में नाकेबंदी शुरू होने के बाद अब तक कम से कम 8 तेल टैंकरों को रोका है। ये टैंकर ईरान के बंदरगाहों की ओर जा रहे थे या वहां से निकल रहे थे। ईरान के साथ सीजफायर की बातचीत इस सप्ताहांत विफल होने के बाद अमेरिका ने यह कदम उठाया। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने आदेश दिया कि होर्मुज में ईरान के सभी बंदरगाहों को ब्लॉक किया जाए।

अब अमेरिकी सेना हर उस ईरानी जहाज पर नजर रखने की तैयारी में है, जो इस जलमार्ग से गुजरने की कोशिश करेगा। जरूरत पड़ने पर जहाजों पर चढ़कर जांच भी की जा सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि नाकेबंदी पूरी तरह लागू कर दी गई है और मध्य पूर्व में समुद्र पर अमेरिका की पकड़ मजबूत बनी हुई है। अमेरिका के मुताबिक, ईरान की करीब 90% अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है। नाकेबंदी लागू होने के 36 घंटे के भीतर ही ईरान का समुद्री व्यापार लगभग ठप हो गया है। इस बीच अमेरिकी सेना होर्मुज में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाने की भी कोशिश कर रही है। इसके लिए दो युद्धपोत लगातार अभियान चला रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान खुद भी इन सुरंगों को ढूंढ पाने और हटाने में सक्षम नहीं है, जिससे इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही और प्रभावित हो रही है। इस स्थिति ने कई दशकों का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट खड़ा कर दिया है और इसका असर दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है।



### तेल सप्लाई पर असर

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की तेल सप्लाई का एक बड़ा रास्ता है, जहां से करीब 20% तेल गुजरता है। इस रास्ते के लगभग बंद होने से ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

**एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी नौसेना ने हर बार रेडियो के जरिए जहाजों के क्रू से संपर्क किया और उन्हें वापस लौटने का आदेश दिया। सभी टैंकरों ने इस आदेश का पालन किया और किसी जहाज पर चढ़कर कार्रवाई करने की जरूरत नहीं पड़ी।**

अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में नाकेबंदी लागू की

### चीन से जुड़ा टैंकर भी शामिल

इन रोके गए टैंकरों में चीन की शंघाई शुआनरुन शिपिंग कंपनी का टैंकर 'रिच स्टारी' भी शामिल था, जिस पर पहले से अमेरिकी प्रतिबंध लगे हुए हैं। अमेरिका ने इस नाकेबंदी को लागू करने के लिए 15 से ज्यादा युद्धपोत और हजारों सैनिक तैनात किए हैं। इनमें मरीन और स्पेशल ऑपरेशन फोर्स के जवान भी शामिल हैं। यह पूरी कार्रवाई ईरान के बंदरगाहों पर दबाव बनाने और उसके समुद्री व्यापार को रोकने के मकसद से की जा रही है।

## आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाकर 6.5% किया

### मिडिल ईस्ट संकट के बावजूद इकोनॉमी में तेजी आएगी

नई दिल्ली, एजेंसी




इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) ने भारत की जीडीपी ग्रोथ को लेकर नए आंकड़े जारी किए हैं। IMF के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बावजूद भारतीय इकोनॉमी पहले के अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ेगी।

संस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। इससे पहले जनवरी में जारी अपनी रिपोर्ट में IMF ने इसके 6.4% रहने का अनुमान जताया था। मंगलवार (14 अप्रैल) को जारी अपनी लेटेस्ट रिपोर्ट में IMF ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की ग्रोथ रेट में 0.1% की मामूली बढ़ोतरी की गई है। इसके पीछे दो मुख्य कारण बताए गए हैं।

पहला- साल 2025 में भारतीय इकोनॉमी का शानदार प्रदर्शन और दूसरा- अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर एडिशनल टैरिफ को 50% से घटाकर 10% करना।

IMF का मानना है कि इन दो सकारात्मक कारणों का असर मिडिल ईस्ट संकट से होने वाले नुकसान से कहीं ज्यादा होगा।

भारत सरकार और IMF के आंकड़ों में काफी अंतर है। भारत सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में इकोनॉमी 7.6% की रफ्तार से बढ़ेगी।

यह IMF के पुराने अनुमान से 1% ज्यादा है। हालांकि, IMF ने कहा है कि साल 2027 में भी भारत की विकास दर 6.5% के स्तर पर स्थिर बनी रह सकती है।

IMF ने महंगाई को लेकर सतर्क भी किया है।

**फास्ट न्यूज**

### अमेरिका के खिलाफ जंग में चीन ने की थी मदद

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में हालिया युद्ध के बीच ईरान की सैन्य क्षमताओं को लेकर एक अहम और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने गुप्त रूप से चीन से एक जासूसी सैटेलाइट हासिल किया, जिसके जरिए उसने पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों की निगरानी की और हमलों के लिए रणनीतिक जानकारी जुटाई।

### ईरान के समृद्ध यूरेनियम को संभालने की तैयारी में रूस

मॉस्को/बीजिंग । अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हलचल तेज हो गई है। रूस ने साफ किया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े मुद्दे के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मॉस्को इस संवेदनशील मामले में कई तरीकों से सहयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि रूस उच्च स्तर के समृद्ध यूरेनियम को फ्यूल-ग्रेड यूरेनियम में बदलने की प्रक्रिया में मदद कर सकता है।

### चीन ने फिर की ओछी हरकतः अरुणाचल प्रदेश को बताया अपना हिस्सा

बीजिंग । चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताने की हिमाकत की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मंगलवार को बेशर्मी की हदें पार करते हुए एक बार फिर दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नामों को बदलना चीन की संप्रभुता के दायरे में आता है।

## भारत में ही बनेंगे तेजस फाइटर जेट के इंजन

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेरिकी डिफेंस कंपनी GE एयरोस्पेस और भारत की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के बीच फाइटर जेट इंजन बनाने की डील जल्द पूरी हो सकती है। दोनों कंपनियों ने लड़ाकू विमानों के लिए F414 जेट इंजन के को-प्रोडक्शन को लेकर तकनीकी मामलों पर सहमति जताई है। मंगलवार को कंपनी ने बताया कि पिछले तीन साल से चल रही बातचीत में अब बड़ी प्रोग्रेस हुई है। GE एयरोस्पेस और HAL के बीच साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान F414 इंजन को लेकर एक शुरुआती समझौता हुआ था। तब से दोनों पक्ष इसके बारीक पहलुओं और तकनीक ट्रांसफर (ToT) पर चर्चा कर रहे थे। ताजा अपडेट के मुताबिक, दोनों कंपनियों ने तकनीकी मामलों पर आपसी सहमति बना ली है। यह भारत के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान और 'मेक इन इंडिया' के तहत डिफेंस सेक्टर के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के बीच समझौता**

F414 डील के अलावा GE एयरोस्पेस ने सोमवार को भारतीय वायुसेना (IAF) के साथ एक और महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इसके तहत भारत में ही F404-IN20 इंजनों के रखरखाव के लिए एक डोमेस्टिक डिपो फैसिलिटी बनाई जाएगी।

## इस साल कीमत 20 हजार बढ़ी, चांदी 13,874 महंगी होकर 2.51 लाख/किलो हुई

# सोना 2,938 बढ़कर 1.53 लाख पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

सोना-चांदी के दाम में आज 15 अप्रैल को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,938 रुपए बढ़कर 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 13 अप्रैल को इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, एक किलो चांदी 13,874 रुपए बढ़कर 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2.37 लाख रुपए प्रति किलो थी।

ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटीः एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं।



खरीदारी की मात्राः दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है।

लोकल ज्वेलरी एसोसिएशनः राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं। पुराना स्टॉक और खरीद मूल्यः ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19,754 रुपए और चांदी 20,435 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.51 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। लेकिन, 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल की ईरान से जंग शुरू होने के बाद गिरावट देखी गई। तब से 47 दिन में सोना 6,148 रुपए और चांदी 15,845 रुपए गिरी है।

### असली चांदी की पहचान करने के 4 तरीके

**मैग्नेट टेस्टः असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती। अगर चिपक जाए तो फेक है।**

**आइस टेस्टः सिल्वर पर बर्फ रखें। असली सिल्वर पर बर्फ तेजी से पिघलती है।**

**स्मेल टेस्टः असली सिल्वर में गंध नहीं होती। फेक में कॉपर जैसी गंध आती है।**

**क्लॉथ टेस्टः चांदी को सफेद कपड़े से रगड़ें। अगर काला निशान आए तो असली है।**

### विदेशी जेवर मंगाने के लिए लाइसेंस लेना होगा

सरकार ने सोने-चांदी और प्लेटिनम के गहनों को 'फ्री' कैटेगरी से हटाकर 'रिस्ट्रिक्टेड' कैटेगरी में डाल दिया है। इसका सीधा असर बाजार की सप्लाई पर दिख रहा है, जिससे सोना-चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब इन कीमती धातुओं से बनी ज्वेलरी किसी भी देश से मंगाने के लिए सरकार से विशेष लाइसेंस या परमिशन लेना होगा। सरकार ने यह कदम फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए उठाया है।

# थोक महंगाई 38 महीने में सबसे ज्यादा

### मार्च में ये 3.88% पर पहुंची, रोजाना जरूरत का सामान और फ्यूल महंगा हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

मार्च में थोक महंगाई (WPI) बढ़कर 3.88% पर पहुंच गई है। फरवरी के यह 2.13% पर थी। यानी इसमें एक महीने के अंदर 1.75% की बढ़ोतरी हुई है। थोक महंगाई ने 38 महीने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। जनवरी 2023 में थोक महंगाई 4.73% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 15 अप्रैल को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है।



> **प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23% है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं।**

महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

### मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंची

मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.4% पहुंच गई है। इससे पहले फरवरी में यह 3.21% थी। महंगाई में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग चल रही है।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।


# ट्रैकर ऑन कर होर्मुज पार कर गया ईरान का टैंकर

### ईरानी सुपरटैंकर ने अमेरिकी नाकेबंदी को धता बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान ने होर्मुज में ट्रंप की नाकेबंदी के बीच बड़ा दावा किया है। बुधवार को ईरानी ने कहा कि अमेरिका द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए उनके सुपरटैंकर ने ट्रैकर चालू रखते हुए अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलेआम पार किया है। अब ये सुपरटैंकर बिना किसी नुकसान के ईरान के तटों तक पहुंच गया है।

मुंबई में ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने X पर एक पोस्ट में बताया कि अमेरिका द्वारा ब्लैकलिस्ट किया गया एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर (VLCC), अमेरिकी नाकेबंदी के बावजूद होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करके ईरान के तटों तक पहुंच गया है। पोस्ट में कहा गया है कि यह ईरानी सुपरटैंकर अपने ट्रैकर को चालू रखते हुए खुलेआम आगे बढ़ा और बिना किसी छिपाव के अंतर-राष्ट्रीय जलक्षेत्र को पार कर गया।



इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि उसने होर्मुज में ऐसी नाकेबंदी शुरू कर दी है, जिसके तहत ईरान के बंदरगाहों से आने वाले किसी भी जहाजों को रोका जाएगा; साथ ही, अमेरिका हर उस जहाज को रोकेगा जिसने ईरान को कोई शुल्क (टोल) दिया है।

**संकेत : घर बुलाकर ट्रंप के करीबी से नहीं मिले राष्ट्रपति मुइज्जू, मालदीव आर्थिक संकट में, भारत से कर्ज**

# ईरान के बाद मालदीव ने भी दिखाई यूएस को अकड़

नई दिल्ली, एजेंसी



मालदीव की राजनीति और कूटनीति में हाल के दिनों में तनाव के संकेत मिले हैं। अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक की राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से होने वाली मुलाकात आखिरी समय में रद कर दी गई, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। मालदीव की राजधानी माले में 23 मार्च को अमेरिका के भारत में राजदूत सर्जियो गोर की राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात तय थी। लेकिन यह बैठक मालदीव की तरफ से आखिरी वक्त पर रद कर दी गई। सर्जियो गोर ने उसी दिन मालदीव के विदेश और रक्षा मंत्रियों से मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी, लेकिन राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं हो पाई। बताया जाता है कि बाद में मुइज्जू के कार्यालय ने निजी तौर पर बंद कमरे में बैठक का प्रस्ताव दिया, जिसे अमेरिकी राजदूत ने स्वीकार नहीं किया। इस मुलाकात के रद्द होने की आधिकारिक वजह सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसके पीछे राजनीतिक कारण हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति मुइज्जू अमेरिका-इजराइल के ईरान के साथ चल रहे तनाव के खिलाफ हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू इजराइल और उसके नेतृत्व को लेकर भी कड़ा रुख रखते हैं, इसलिए उन्होंने अमेरिकी राजदूत से दूरी बनाई। हालांकि माले में एक दूसरी राय यह भी है कि मुइज्जू पिछले कुछ महीनों से बाहरी नेताओं से मिलने से बच रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे नहीं चाहते कि कोई बाहरी दबाव मालदीव की राजनीति और विकास से जुड़े फैसलों पर पड़े।

**अमेरिकी राजदूत की मुइज्जू से निर्धारित मुलाकात अंतिम क्षण में रद्द**

### चुनाव में मुइज्जू को लगा झटका

राष्ट्रपति मुइज्जू को हाल ही में स्थानीय निकाय चुनावों में बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, जो आमतौर पर सत्ताधारी दल के लिए असामान्य माना जाता है। इसके अलावा 4 अप्रैल को हुए जनमत संग्रह में भी जनता ने राष्ट्रपति के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। करीब 60% लोगों ने एक साथ राष्ट्रपति और संसद चुनाव कराने के प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने पांचों बड़े शहरों के मेयर चुनाव भी जीत लिए, जिससे सरकार पर दबाव और बढ़ गया है।

### भारत से कर्ज और चीन को प्रोजेक्ट

मालदीव इस समय आर्थिक संकट से भी जूझ रहा है। उसने भारत से 400 मिलियन डॉलर के कर्ज को आगे बढ़ाने की मांग की है। इससे पहले वह 100 मिलियन डॉलर का यूरोबॉन्ड और 400 मिलियन डॉलर का इस्लामिक सुकूक कर्ज चुका चुका है। हालांकि भारत सरकार ने अभी इस कर्ज को आगे बढ़ाने पर अंतिम फैसला नहीं लिया है। पहले ही दो बार छह-छह महीने का विस्तार दिया जा चुका है।

## ट्रंप की धमकियों पर ईरान का फिल्मी जवाब - पिक्चर अभी बाकी है

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी टकराव के बीच ईरान अब सिर्फ सैन्य और कूटनीतिक मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी आक्रामक अंदाज में नजर आ रहा है।

दुनियाभर में उसके दूतावास और वाणिज्य दूतावास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और इजरायल पर चुटीले और व्यंग्यात्मक पोस्ट के जरिए जवाब दे रहे हैं। दूतावासों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अलग तरह का युद्ध छेड़ रखा है।

एएनआइ के अनुसार, मुंबई स्थित ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने मंगलवार को ट्रंप की धमकियों का जवाब देते हुए बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के मशहूर डायलॉग 'ये तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है' का इस्तेमाल करते हुए संकेत दिया कि ईरान की प्रतिक्रिया अभी और तीखी हो सकती है।

एक्स पर पोस्ट में ईरान ने ट्रंप के उस दावे पर भी तंज कसा, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरानी नौसेना खत्म हो चुकी है। दूतावास ने लिखा कि फारस की खाड़ी की रेड बीज (लाल मधुमक्खियां)- यानी तेज रफ्तार मिसाइल नौकाएं- अब भी सक्रिय हैं और किसी भी वक्त जवाब देने को तैयार हैं।



सिर्फ मुंबई ही नहीं, बल्कि लंदन, अंकारा, बेरूत, घाना, दक्षिण अफ्रीका, जिंबाब्वे और अन्य जगहों पर मौजूद ईरानी दूतावासों ने भी हाल के दिनों में इसी तरह के व्यंग्यात्मक और तीखे पोस्ट साझा किए हैं। इन पोस्टों में कहीं ट्रंप के बयानों का मजाक उड़ाया गया, तो कहीं इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर सवाल उठाए गए।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**
**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**